**सुविचार**

वीर कभी बड़े मौकों का इंतजार नहीं करते, छोटे मौकों को ही बड़ा बना देते हैं।

सरदार पूर्णसिंह

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi



आइना में काम करते हुए फ्रेशर जैसा महसूस... 08

Ranchi ● Sunday, 30 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 194 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,160.20 |
| निफ्टी | : | 19,646.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,655 |
| चांदी | : | 79.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### खूंटी में पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**KHUNTI :** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के सुरूंदा गांव के पास चल रहे पुल निर्माण कार्य के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और जेसीबी और स्कूटी तथा एक मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने दो वॉकी-टॉकी हैंडसेट और रिवाल्वर के साथ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएएफआई के सक्रिय उग्रवादियों वीर सिंह पूर्ति और जॉर्ज सांडी पूर्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से लोडेड रिवाल्वर, दो जिंदा कारतूस पीएलएफआइ का पर्चा, चंदा रसीद, पिट्ठू सहित अन्य सामान बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राड़ूंग बोदरा उर्फ लंबू अपने दस्ते के सदस्यों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सांड़ी गांव के जंगल में बैठक करने वाला है। सूचना के बाद कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया।

### मुंबई में फिर से 26/11 जैसे हमले की आशंका

**MUMBAI :** मुंबई पुलिस ने कोलाबा स्थित छाबड़ा हाउस के पास से 26/11 जैसे आतंकवादी हमलों का इनपुट मिला है। इसी वजह से मुंबई पुलिस ने छाबड़ा हाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। यह इनपुट पुणे में गिरफ्तार दो आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान महाराष्ट्र एंटी टेररिस्ट स्कॉड (एटीएस) को मिला है। पुणे में पुलिस ने मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी नामक दो आतंकवादियों को पकड़कर एटीएस को सौंपा था।

### नार्को-आतंकवाद मामले में एसआईए की छापेमारी

**POONCH :** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को पुंछ जिले में नार्को-आतंकवाद मामले में मंडी तहसील में चार स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती जिले की मंडी तहसील में चार स्थानों पर छापेमारी अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि मामला सथरा के दन्ना डोयियान इलाके के निवासी कुख्यात ड्रग तस्कर रफीक लाला से संबंधित है, जिसे इस साल की शुरूआत में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। एसआईए ने सीमा पार उसके संबंधों के बारे में पूछताछ के लिए 1 जुलाई को उसकी रिमांड ली थी।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट

**POONCH :** जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शनिवार सुबह एक बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया लेकिन इससे किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार दिगवार इलाके के टेरवान गांव में खोखरी पोस्ट के पास लगातार बारिश के बीच शनिवार सुबह करीब 4 बजे बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद सेना के जवानों ने तुरंत इलाके की तलाशी ली लेकिन कुछ नहीं मिला।

### महाराष्ट्र : दो बसों की टक्कर में छह की मौत, 25 जख्मी

**MUMBAI :** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के मलकापुर में मुंबई-नागपुर हाई-वे पर शनिवार की भोर में दो निजी बसों की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई।



इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अखाड़ाधारियों ने भी इमाम हुसैन और या अली के नारे के साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला। इस मौके पर 10 से अधिक ताजिया और 200 से अधिक झांकियां भी निकाली गईं। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# मातम के पर्व पर छाया 'मातम'

## बोकारो थर्मल में ताजिया जुलूस में दौड़ा करंट, चार की गई जान

**PHOTON NEWS BOKARO :** बोकारो थर्मल में शनिवार को बेरमो अनुमंडल के पेटरवार थाना अंतर्गत खेतको में मुहर्रम का जुलूस उस वक्त मातम में बदल गया जब स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया का जुलूस निकाला। ताजिया उठाने के क्रम में उपर से गुजर रहे 11 हजार के हाइटेंशन तार में सट गया। तार में सटने से ताजिया के जुलूस में रखा बैट्री ब्लास्ट कर गया। इस हादसे में कुल 13 लोग बुरी तहर झुलस गए। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। जबकि सात की स्थिति गंभीर बनी हुई है और दो लोगों को घर भेज दिया गया है। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो भेजा गया है। घटना के बाद



खेतको में परिजनों एवं लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। लोगों ने तत्काल सभी घायलों को डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल इलाज के लिए लाया। अस्पताल में एंबुलेंस मौजूद नहीं रहने को लेकर लोगों ने काफी हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई है। बताया जा रहा है कि ताजिया को इमाम बाड़ा शिफ्ट करने लोग जा रहे थे।

## गिरिडीह में एक ही समुदाय के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई घायल

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** जिले के तिसरी थाना इलाके के पालमरुआ के अदसार मदरसा के समीप शनिवार को मुहर्रम के जुलुस में एक ही समुदाय के दो पक्षों में खूनी झड़प हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस जवानों के संग पहुंचे और हालात को अपने नियंत्रण में लिया। थाना प्रभारी ने दोनो पक्ष के लोगों को समझा बुझाकर शांत कराकर स्थिति पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि अडसार मदरसा के समीप जुलूस के दौरान दोनों पक्ष आपस में इस कदर भिड़े कि एक दूसरे पर जमकर लाठी और पत्थर चलाया। वहीं घटनास्थल



पर पहुंची पुलिस को भी दोनों पक्षों को शांत कराने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। घटना के बाद अडसार मदरसा के समीप काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है जबकि हालात पर नजर रखने के लिए डीएसपी के साथ बीडीओ संतोष प्रजापति, तिसरी के लोकायनायनपुर थाना प्रभारी समेत काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात रखा गया

# भाजपा की नेशनल टीम में रघुवर का कद-पद कायम बनाए गए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

● रांची की पूर्व मेयर डॉ. आशा लकड़ा बनीं सचिव





**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा की राष्ट्रीय कमिटी में प्रदेश भाजपा (झारखंड) का स्थान और मजबूत हुआ है। झारखंड के प्रभारी और सांसद तथा राज्यसभा में मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी को भी राष्ट्रीय कमिटी में जगह मिली है। वे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गये हैं। इसके अलावे पूर्व की भांति झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को फिर से भाजपा के केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची में बनाए रखा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा को भाजपा की केंद्रीय टीम में जगह बनाए रखी गयी है। पूर्व में वे पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री थीं। अब उन्हें राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। हालांकि मंत्री और सचिव का पद समकक्ष ही पार्टी में माना जाता है। ऐसे में केवल पद के नाम में परिवर्तन हुआ है। आशा रांची नगर निगम की महापौर भी रह चुकी हैं। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने लेटर जारी करते सूचना दी है। कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की है। इसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं जिनमें झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास सहित छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सहित अन्य शामिल हैं। राष्ट्रीय महामंत्री के तौर पर 8 पार्टी नेताओं को जगह मिली है। राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) के तौर पर बीएल संतोष रहेंगे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश होंगे। राष्ट्रीय सचिव की लिस्ट में आशा लकड़ा सहित 12 अन्य को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष का जिम्मा राजेश अग्रवाल और सह कोषाध्यक्ष का नरेश बंसल को मिला है। रघुवर दास ने भाजपा की राष्ट्रीय समिति में फिर से जगह देने पर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया है। कहा है कि उन पर पुनः भरोसा जताने के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

## बंगाल पुलिस ने मुर्हरम के लिए दुर्गा मंदिर को ढका

**भाजपा ने ममता बनर्जी पर उठाए सवाल**

**AGENCY KOLKATA :** मुहर्रम के ताजिया जुलूस के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले के कालियाचक स्थित एक दुर्गा मंदिर को चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर ढक दिया है। आरोप है कि यहां हिंदू समुदाय को पूजा करने से भी रोक दिया गया था। इसे लेकर भाजपा ने सवाल खड़ा किया है। पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा है कि क्या यही आपका सेकुलरिज्म है?

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने उस मंदिर की तस्वीर ट्विटर पर डाली है और लिखा है, यह चौंकाने वाला दृश्य मालदा जिले के कालियाचक से सामने आया है। यहां मुहर्रम की पूर्व संध्या पर एक दुर्गा मंदिर को पुलिस ने अवरुद्ध (बैरिकेड) कर दिया है। मुझे यकीन है कि उस क्षेत्र की कोई भी मुहर्रम आयोजन समिति ऐसे कदम की मांग नहीं कर सकती थी जिससे सनातनियों को ठेस पहुंचे। यह विशुद्ध रूप से पश्चिम बंगाल पुलिस की अतिसक्रियता है। ममता बनर्जी के शब्दकोश में धर्मनिरपेक्षता वोट बैंक की राजनीतिㅈ का पर्याय है। यही कारण है कि उनका प्रशासन धार्मिक त्योहारों के दौरान अतिसक्रियता विकारㅈ से ग्रस्त हो जाता है और वे आम तौर पर कुछ ऐसा कर बैठते हैं जिससे सनातनियों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। ममता जानबूझकर क्षुद्र राजनीतिक लाभ के लिए दोनों समुदायों के बीच बैरिकेड्स बना रही हैं और मतभेद पैदा कर रही हैं। वह दो समुदायों के बीच कलह पैदा करने और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रही हैं। मैं मुख्य सचिव से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे तुरंत हस्तक्षेप करें और दुर्गा मंदिर के प्रवेश द्वार से बैरिकेड हटा दें।

## लोहरदगा में ट्रैक्टर ने बच्चे को कूचला, परिजनों ने चालक को मार डाला



**LOHARDAGA :** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के आरेया में दो नाबालिगों का शव मिले। दोनों युवकों की मौत ट्रैक्टर के रोटाबेटर से कटकर होने की बात कही जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार आरेया निवासी नीरज साहू के टांड़ की ट्रैक्टर से जुताई की जा रही थी। इस बीच नीरज साहू का तीन वर्षीय पुत्र श्रीयंशु कुमार साहू रोटाबेटर के चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने ट्रैक्टर चालक आरेया निवासी 17 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार प्रजापति को मौके पर ही मार दिया। उसे भी रोटाबेटर से काट दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पडताल की जा रही है।

# हिंसाग्रस्त MANIPUR में हलचल तेज

**विपक्ष के 21 सांसद पहुंचे, सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर, मैतेई समुदाय का प्रदर्शन**

**AGENCY IMPHAL :** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के 21 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा। इसके बाद सांसदों का दल चूराचांदपुर पहुंचा। यहां उन्होंने रिलीफ कैंप में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। ये सांसद 30 जुलाई तक यहां रहेंगे और जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे। राज्य में तीन महीनों से जारी हिंसा और यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार और संसद को अपनी राय भी देंगे। इस बीच, मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में सीबीआई ने शनिवार को एफआरआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। केंद्र सरकार ने 27 जुलाई को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात सुप्रीम कोर्ट को बताई थी। साथ ही हलफनामा दायर कर मामले की सुनवाई मणिपुर से बाहर कराने की अपील




इंफाल में प्रदर्शन करतीं मैतेई समुदाय की महिलाओं ● एजेंसी

भी की थी। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में शामिल 16 पार्टियों के 21 सांसद शनिवार को मणिपुर पहुंचे। यहां कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'हम राजनीतिक मुद्दे उठाने के लिए नहीं, बल्कि मणिपुर के लोगों के दर्द और जमीनी स्थिति को समझने के आए हैं। सरकार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई है।' इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कोलकाता में कहा, 'गठबंधन के सांसदों को बंगाल और राजस्थान भी जाना चाहिए।

उधर, मणिपुर की राजधानी इंफाल में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शांति की अपील की और कहा कि कुकी समुदाय के लिए प्रशासन अलग से कोई नियम ना बनाए। इस बीच राज्यपाल अनुसूइया उइके रिलीफ कैंप में जाकर हिंसा पीड़ितों से मिलीं। यहां उन्होंने एक महिला को गले लगाकर ढांढस बंधाया। महिलाओं के संगठन ऑल कोंगबा रोड यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन की तरफ से बुलाए गए इस प्रोटेस्ट में बड़ी संख्या में मैतेई समुदाय के पुरुष भी शामिल थे।


**सांसदों के दल को चिट्ठी**

मणिपुर दौरे पर गए विपक्षी संगठन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के दल को इंडीजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने चिट्ठी लिखी है। इसमें बताया है कि तीन महीने से राज्य में जातीय हिंसा भड़की है। राज्य के सैन्यागार से हजारों हथियार लूटे गए हैं। राज्य के इकलौते हाईवे को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते सबसे बड़े जिले चूराचांदपुर में रोजमर्रा की चीजों की कमी हो गई है। ट्राइबल्स और मैतेई शारीरिक रूप से अलग हैं। जबकि काफी हिंसा हो चुकी है, इस बात की संभावना नहीं दिखती कि दोनों फिर से साथ रह पाएंगे। हमारी केंद्र सरकार से अपील है कि संविधान के तहत हमें खुद का शासन करने का अधिकार दें।

**शिक्षा समागम में बोले मोदी- विकसित देशों ने अपनी मूल भाषाओं के आधार पर की प्रगति**

# युवाओं को भाषा के आधार पर आंकना बड़ा अन्याय : PM

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिभा की बजाय भाषा के आधार पर युवाओं के मूल्यांकन को सबसे बड़ा अन्याय बताया और कहा कि अधिकांश विकसित देशों ने अपनी मूल भाषाओं के आधार पर प्रगति की है। प्रधानमंत्री शनिवार को भारत मंडपम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर पीएम श्री योजना के तहत राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केन्द्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय समिति के चयनित 6207 स्कूलों को प्रथम चरण की प्रथम किस्त के रूप में 630 करोड़ रुपये से अधिक की केन्द्रीय राशि हस्तांतरित की। इसके अलावा उन्होंने 12 भारतीय भाषाओं में अनुवादित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का भी विमोचन किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं पर विशेष जोर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी छात्र के साथ सबसे बड़ा अन्याय उनकी क्षमताओं की बजाय उनकी भाषा के आधार पर उनका मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा, मातृभाषा में शिक्षा भारत में छात्रों के लिए न्याय के एक नए रूप की शुरूआत कर रही है। यह सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में भाषाओं की बहुलता और उनके महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि दुनिया के कई विकसित देशों को उनकी स्थानीय भाषा के कारण बढ़त मिली है। प्रधानमंत्री ने यूरोप की मिसाल देते हुए कहा कि ज्यादातर देश अपनी मूल भाषा का ही इस्तेमाल करते हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ● एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र में भी, मैं भारतीय भाषा में बोलता हूं**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण इलाकों के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हुए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आगमन के साथ देश ने अब इस धारणा को छोड़ना शुरू कर दिया है। मोदी ने कहा, यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र में भी, मैं भारतीय भाषा में बोलता हूं। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि सामाजिक विज्ञान से लेकर इंजीनियरिंग तक के विषय अब भारतीय भाषाओं में पढ़ाए जाएंगे। मोदी ने कहा, जब छात्र किसी भाषा में आत्मविश्वास रखते हैं, तो उनका कौशल और प्रतिभा बिना किसी प्रतिबंध के सामने आएगी। भाषा को लेकर राजनीति करने वालों को कड़ा संदेश देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग स्वार्थ के लिए भाषा का राजनीतिकरण करने की कोशिश करते हैं, उन्हें अब अपनी दुकानें बंद करनी होंगी। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश की हर भाषा को उचित सम्मान और श्रेय देगी। प्रधानमंत्री ने उन कारकों में शिक्षा की प्रधानता को रेखांकित किया, जो राष्ट्र की नियति को बदल सकते हैं।

## तमिलनाडु : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ मरे, कई जख्मी

**AGENCY KRISHNAGIRI :** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में शनिवार को पटाखा बनाने की यूनिट में धमाका हो गया। इसमें तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जिले के पझायापेट्टई में पटाखा बनाने की यूनिट में सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। 2 महिला मजदूर पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाले बारूद को उठाकर ले जा रही थीं। तभी उसमें धमाका हो गया। यूनिट में करीब 12-15 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कई घायल हो गए। कितने लोग घायल हुए यह सही संख्या अभी पता नहीं चल सकी है। धमाके से लगी आग ने आसपास के घर और दुकानों को भी चपेट में ले लिया। तीन घरों को नुकसान पहुंचा है। एक होटल भी थी इसकी दीवार भी ढह गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड और बचाव सेवाकर्मियों ने रेस्क्यू शुरू किया और घायलों को कृष्णागिरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। तमिलनाडु के उट एमके स्टालिन ने मारे गए लोगों के परिजन के लिए 3-3 लाख रुपए, गंभीर घायलों के लिए 1-1 लाख रुपए और मामूली घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है। मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया है। इससे पहले मंगलवार को विरुधुनगर जिले के शिवकाशी शहर में एक पटाखा बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई थी।

# CM ने JAMSHEDPUR में देश की पहली HYDROGEN ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना के लिए बढ़ाया कदम

## अब देश में पेट्रोल, डीजल और बैटरी साथ जल्द HYDROGEN ईंधन से भी वाहन चलेंगे

- 354.28 करोड़ रुपये का होगा निवेश

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री के इस पहल के बाद अब देश में पेट्रोल, डीजल और बैटरी साथ जल्द हाइड्रोजन ईंधन से भी वाहन चलेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने निवेश के प्रस्ताव पर मैसर्स टीजीईएसपीएल के साथ एमओयू हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। मैसर्स टाटा मोटर्स लिमिटेड एवं मैसर्स कमिंस इंक., यूएसए के संयुक्त उपक्रम मैसर्स टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (टीजीईएसपीएल) द्वारा जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम में हाइड्रोजन आंतरिक दहन इंजन, ईंधन-अज्ञेयवादी इंजन, एडवांस केमिस्ट्री तथा एच2 ईंधन वितरण प्रणाली के निर्माण/उत्पादन के लिए ईकाई की स्थापना के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटि एवं हाई पावर कमेटी की स्वीकृति की प्रत्याशा में निवेश के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। एमओयू के उपरांत जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग के स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्य में हाइड्रोजन इंजन बनने की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे देश को होगा। झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के वगीर्कृत क्षेत्रवार मेगा परियोजनाएं के अनुसार उपर्युक्त परियोजना निर्माण से संबंध रखती है। ईकाई से प्राप्त निवेश तथा प्रत्यक्ष नियोजन के आधार पर ईकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इस ईकाई की प्रस्तावित क्षमता 4000 हाइड्रोजन आईसी इंजन/ईंधन अज्ञेयवादी इंजन और 10,000 बैटरी प्रणाली है। इसके लिए प्रस्तावित निवेश 354.28 करोड़ रुपये है। एक अनुमान के अनुसार ईकाई 310 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लोगों का नियोजन सुनिश्चित हो सकेगा।



**हाइड्रोजन ईंधन के फायदे**

हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों के अपेक्षा अधिक होती है। इसका एनर्जी लेबल अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल के बीच इसे एक बेहतर विकल्प माना जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। भारतीय बाजार और विश्व स्तर पर हाइड्रोजन इंजन की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4000 हाइड्रोजन आईसी इंजन-ईंधन एग्नोस्टिक इंजन और 10,000 बैटरी सिस्टम की उत्पादन क्षमता के निर्माण आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति और नई सहायक इकाइयों की स्थापना के लिए स्थानीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

### बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को दी बधाई

**RANCHI:** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी संगठन है। नई राष्ट्रीय टीम के नेतृत्व में पार्टी 2024 में जनता के स्नेह और आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सफल होगी। मरांडी ने कहा कि झारखंड से दो राष्ट्रीय पदाधिकारी को पुनः स्थान देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि प्रदेश प्रभारी एवम राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व दिया है। उन्होंने नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवम राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित सभी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू सहित अन्य शामिल हैं।

**BRIEF NEWS**

### राज्य सरकार की उदासीनता से केंद्र की योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो रहीं: कोचे मुंडा

**KHUNTI:** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने शनिवार को तोरपा प्रखंड के सुंदरी गांव का दौरा किया और हर घर नल जल योजना का निरीक्षण किया। विधायक ने स्थानीय लोगों से इस बारे में जानकारी ली और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को त्रुटियों के अविलंब निराकरण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूरे गांव को नल जल योजना से जोड़ा जाए। योजना के संवेदक और मिस्त्री को ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने को कहा। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता के कारण केंद्र सरकार की योजनाएं समय पर धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लागू करने में हेमंत सरकार रुचि नहीं ले रही है। विधायक ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के हाथों को मजबूत करें। इस मौके पर भाजपा तोरपा मंडल के अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्लस टू हाई स्कूल चंदवा में जमीन अतिक्रमण मामले की हो जांच : प्रतुल

**RANCHI:** लातेहार के चंदवा स्थित प्लस टू हाई स्कूल की जमीन अतिक्रमण के मामले में बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव उपायुक्त को ट्विट किया है। इसमें उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि वे दोनों पक्षों को बुलाकर कागजातों की जांच करें। प्राचार्य ने स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध निर्माण कार्य होने का आरोप लगाया था। प्रतुल ने ट्वीट कर कहा इस पूरे आरोप की गहन जांच होनी चाहिए। क्योंकि प्राचार्य का यह भी कहना है कि मामला न्यायालय में लंबित है। प्रतुल ने कहा की इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य ने चंदवा थाने में लिखित शिकायत भी की है। प्रतुल ने इस ट्वीट को मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय और उपायुक्त लातेहार को टैग किया है। प्रतुल ने कहा कि यह स्कूल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा स्कूल है, और हजारों छात्र-छात्राएं यहां पढते हैं। प्रतुल ने बताया की लगभग 1 वर्ष पूर्व भी स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण की सूचना पाकर वह घटनास्थल पर पहुंचे थे। संबंधित अधिकारियों से बात कर के निर्माण कार्य को रुकवाया था।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जाएंगे मध्य प्रदेश के दौरे पर

**BHOPAL:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय प्रवास पर रविवार को मध्यप्रदेश आ रहे हैं। इस दौरान वे भोपाल में पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगे तथा इंदौर में बूथ कार्यकताओं को संबोधित करने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय से शनिवार को दी गई जानकारी में बताया गया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को सुबह 11.50 बजे विशेष विमान से भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल पहुंचेंगे, जहां दोपहर 12.10 बजे से पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगे। मध्याह्न भोजन के उपरांत अमित शाह वापस एयरपोर्ट पहुंचेंगे और दोपहर 1.45 बजे इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोपहर 2.20 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे मां कनकदेवी मंदिर, आईटीआई के समीप पहुंचेंगे और दोपहर 2.30 बजे से बूथ कार्यकताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यहां से शाह वापस एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हैलीकॉप्टर के द्वारा शाम 4.10 बजे भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव के लिए रवाना होंगे। अमित शाह यहां दर्शन एवं पूजन के उपरांत शाम 5.15 बजे इंदौर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। एयरपोर्ट से शाह शाम 6.00 बजे होटल मैरियट पहुंचेंगे और पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगे। रात्रि भोजन के उपरांत अमित शाह रात्रि 8.30 बजे होटल से एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 8.35 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## PM मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कर रहा प्रगति : अमित शाह



**AGENCY NEW DELHI:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तत्कालीन राष्ट्रपति दिवंगत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के विजन के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी प्रगति कर रहा है। अमित शाह ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में ह्युडॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, 'मेमोरीज नेवर डाईह्न पुस्तक के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के लिए कलाम की उत्कृष्ट सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम ने स्वदेशी गाइडेड मिसाइलों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया। अग्नि मिसाइल और पृथ्वी मिसाइल के सफल परीक्षण का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। उनकी देखरेख में देश ने 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और भारत परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्रों की सूची में शामिल हुआ। उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का गृह नगर है।

अमित शाह ने कहा कि डॉ. कलाम ने अपनी पुस्तक ₹भारत 2020: नई सहस्त्राब्दी के लिए एक दृष्टिकोण₹ में देश के भविष्य के रोडमैप को रेखांकित किया था। पुस्तक में उन्होंने तीन प्रमुख विजन का उल्लेख किया है- भारत को एक राष्ट्र के रूप में अपने पोटेंशियल को पहचानने की आवश्यकता है। देश को टेक्नोलॉजी आधारित अर्थव्यवस्था बनाने की जरूरत है और संतुलित विकास मॉडल को अपनाकर गांवों व शहरों को एक साथ आगे बढ़ाना है। शाह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इन तीनों बिंदुओं को करके दिखाया है और भारत एक विकसित देश बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे छात्रों, युवाओं और उनके स्टार्टअप के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में अवसर खुले हैं। डॉ. कलाम का अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों का सपना प्रधानमंत्री मोदी के नवाचारों और नई पहलों से पूरा होगा। मुझे विश्वास है कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पूरी दुनिया नेतृत्व करेगा। शाह ने कहा कि डॉ. कलाम के नक्शेकदम पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने 55 अंतरिक्ष यान मिशन, 50 लॉन्च वाहन मिशन और 11 छात्र उपग्रह लॉन्च किए। उन्होंने बताया कि एक ही उड़ान में रिकॉर्ड 104 उपग्रहों (पीएसएलवी-सी37, ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) को लॉन्च किया गया और एक उपग्रह के पुनः प्रवेश (पृथ्वी के वायुमंडल में) का प्रयोग भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मोदी जी के नेतृत्व में आज अंतरिक्ष के क्षेत्र को स्टार्टअप के लिए खोला गया है। मुझे विश्वास है कि जो स्वप्न डॉ. कलाम ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए देखा था, प्रधानमंत्री मोदी के निर्णयों से हम उन सपनों को अवश्य पूरा करेंगे और स्पेस के क्षेत्र में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा।

गृहमंत्री शाह ने आज विमोचित पुस्तक के संबंध में कहा कि यह डॉ. कलाम को और बेहतर तरीके से जानने, समझने का और उनका अनुसरण करने का मौका देगी। पुस्तक में भारतीय रॉकेटरी का इतिहास है। साथ ही देश के साइंस और टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन को भी व्याख्यायित किया गया है। इस पुस्तक में उनके भारतीय राजनीतिक एवं प्रशासनिक प्रणाली के कामकाज से जुड़े भी कई प्रसंग हैं। इस पुस्तक में बताया गया है कि किस तरह से रामेश्वरम जैसे एक छोटे शहर का लड़का भारतीय राजनीतिक जगत के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम के संघर्ष की सफलता देखिए कि एक अखबार बांटने वाला बच्चा समाचार पत्रों की हेडलाइन बना।

## प्रधानमंत्री की चुप्पी तुड़वाने के लिए लाया गया अविश्वास प्रस्तावः प्रदीप बलमुचू



प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI:** मणिपुर की गंभीर स्थिति को लेकर सदन का मानसून सत्र लगातार नहीं चल रहा है। प्रधानमंत्री इस विषय पर सदन से बाहर पहली बार कुछ बोले, लेकिन इस गंभीर विषय पर सदन में बोलना वे जरूरी नहीं समझ रहे। ये बातें कांगेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का इस विषय पर सदन में मुंह खुलवाने के लिए ही विपक्ष द्वारा सरकार के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। अविश्वास प्रस्ताव का जवाब प्रधानमंत्री को ही देना होगा और इस प्रकार इस विषय पर प्रधानमंत्री की चुप्पी टूटेगी। उन्होंने कहा कि हमें भी यह अच्छी तरह से पता है कि संख्या बल में कमी के कारण अविश्वास प्रस्ताव में सरकार को नहीं हरा सकते। इसके बावजूद अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया गया कि इसमें जवाब गृह मंत्री को नहीं देना होगा। जवाब सरकार के मुखिया के नाते प्रधानमंत्री को देना होगा। मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, कहा- पीटीआर पर संज्ञान लें

**PHOTON NEWS RANCHI:** विधायक सरयू राय ने विश्व बाघ दिवस पर पलामू टाइगर रिजर्व की स्थिति सुधारने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।



उन्होंने कहा कि पीटीआर की स्थापना चार जून 1974 को हुई थी। 2023-24 इसकी स्थापना का 50वां वर्ष यानी स्वर्ण जयंती वर्ष है लेकिन न तो वन विभाग में और न ही पीटीआर प्रबंधन में इस बारे में कोई चर्चा है। पीटीआर के स्वर्ण जयंती वर्ष में इसके पुनरुद्धार के लिए एक कार्य योजना बननी चाहिए।

सरयू राय ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री इसपर संज्ञान लेकर पीटीआर की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेंगे। सरयू राय के मुताबिक लातेहार जिला के प्रभारी मंत्री के रूप में 1 जून 2016 को वे पीटीआर गये थे। वहां के अधिकारियों के साथ बैठक किया तो पता चला कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत बाघ संरक्षण के जितने प्रावधान हैं, उनमें से एक का भी परिपालन पीटीआर में नहीं हो रहा है। अगले दो वर्षों में उन्होंने पीटीआर में सुधार के लिए तीन बैठकें कीं।

एक बैठक में तत्कालीन वन सचिव सुखदेव सिंह भी उपस्थित हुए। कई प्रक्रियात्मक सुधार हुए। तदुपरांत आपके नेतृत्व में नयी सरकार बनी। कोविड आया।

सुधारों की गति थम गयी। करीब एक माह पूर्व वे पीटीआर गये थे। स्थिति अच्छी नहीं लगी। बाघ की उपस्थिति के बारे में संदेह है। ऐसा लगता है अब बाघ यहां टूरिस्ट की तरह आते-जाते रहते हैं।

## निलंबन मुक्त हुए विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का जोरदार स्वागत

**PHOTON NEWS SIMDEGA :** परिसदन भवन में निलंबन मुक्त हुए कोलेबिरा के कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया. मौके पर विधायक को फूल मालाओं से लाद दिया गया। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने विधायक विक्सल कोंगाड़ी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकताओं को निलंबित करने के बाद जांच कराती है। दोषमुक्त होने की स्थिति में निलंबन मुक्त करती है। वहीं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बुके नमन विक्सल कोंगाड़ी जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विधायक को गले लगाकर पार्टी में स्वागत किया।



विधायक विक्सल कोंगाड़ी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

**जिले में कांग्रेस को मिलेगी मजबूती : भूषण बाड़ा**

वहीं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने कांग्रेस के तीनों विधायकों को निलंबन मुक्त कर सराहनीय कदम उठाया है। तीनो विधायक के निलंबन मुक्त की घोषणा से कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित आलाकमान के सभी पदाधिकारी का यह घोषणा स्वागत योग्य है। अब हमारे विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे. इससे संगठन और अधिक मजबूत होगा।

**नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कार्यकताओं का जताया आभार**

मौके पर विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने पार्टी कार्यकर्त्ता का आभार जताया और कहा कि निलंबन के समय कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों के अलावे हर एक कार्यकताओं का काफी सहयोग मिलता रहा। इसके लिए मैं आभारी हूं। मौके पर पीसीसी डेलीगेट मो शमी आलम, प्रदीप केशरी, कौशल किशोर रोहिल्ला, जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज, शिशिर मिंज, अजित लकड़ा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, रवेल लकड़ा, बिपिन पंकज मिंज, के साथ कांग्रेस के कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा के आवास पर सांसद संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

## राज्य में आदिवासी असुरक्षित, अगर रांची में यह हाल है तो ग्रामीण इलाके में क्या होगा

**PHOTON NEWS RANCHI:** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि जब राजधानी में सुरक्षित नहीं आदिवासी तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या होगा। उन्होंने कहा कि कहने को झारखंड में आदिवासियों के हितों की सरकार है लेकिन धरातल पर सबसे अधिक असुरक्षित इस राज्य में आदिवासी बहन, बेटियां और आदिवासी नेता ही है। विगत एक सप्ताह की गतिविधियों को देखें तो ऐसा लगता है, जैसे इस राज्य के आदिवासियों को जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। विशेष



सुभाष मुंडा की परिजनों से मुलाकात करते सांसद संजय सेठ। ● फोटोन न्यूज

रुप से राजधानी रांची की स्थिति बहुत ही भयावह है। जब राजधानी की स्थिति इतनी भयावह है तो हम सहज कल्पना कर सकते हैं कि पूरे राज्य की स्थिति क्या होगी। सांसद शनिवार को युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा के आवास पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बोल रहे थे। सांसद ने कहा कि यह सरकार आदिवासी हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। सांसद ने बताया कि खलारी में एक आदिवासी महिला के साथ अवैध संबंध बनाकर उसे ब्लैकमेल किया गया। इस ब्लैक मेलिंग से महिला बहुत परेशान रही। अब उक्त महिला की संदेहास्पद मौत हो गई, जो कई प्रकार के सवाल खड़े करती है। सुभाष मुंडा जैसे युवा नेता को सरेशाम उनके दफ्तर में आकर गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। वहीं आजसू के एक आदिवासी नेता पर जानलेवा हमला होता है।

राज्य सरकार से मेरी मांग है कि इन तीनों ही मामले में एसआईटी का गठन किया जाए। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले चलाए जाएं और दोषियों को अविलंब फांसी की सजा दी जाए। सांसद ने यह भी कहा कि बेहद दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक तरफ मुख्यमंत्री प्रशासन को कार्रवाई करने की खुली छूट देते हैं और दूसरी तरफ ताबड़तोड़ हत्याएं हो रही हैं।

## कटिहार गोलीकांड और शिक्षा विभाग में अराजकता पर चुप्पी तोड़ें सीएमः सुशील

**AGENCY PATNA:** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि राज्य में महिलाओं से बर्बरता की घटनाएं बढ़ रही हैं। बिजली मांगने पर गोली चलायी जा रही है। शिक्षक की नौकरी मांगने पर लाठी चार्ज किया जाता है। मंत्री पुलिस ज्यादती को जायज ठहराते हैं। शिक्षा विभाग प्रशासनिक अराजकता झेल रहा है और शिक्षा मंत्री 22 दिनों से कार्यालय नहीं आ रहे हैं, लेकिन नीतीश कुमार ने सारे मुद्दों पर चुप्पी साध ली है। मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए उन्होंने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री यदि शिक्षा विभाग के अवर मुख्य सचिव को नहीं हटा सकते, तो शिक्षा मंत्री को ही हटा कर विभाग की जिम्मेदारी अपने प्रिय अधिकारी को सौंप दें। सरकार से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि कटिहार गोली कांड की न्यायिक जांच कराई जाए। मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए और राज्य में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सुशील मोदी ने कहा कि कटिहार गोलीकांड के बाद पुलिस लगातार बयान बदल रही है। पहले कहा कि किसी की मौत नहीं हुई, फिर दो लोगों के मरने की बात स्वीकार की लेकिन अब हमेशा की तरह कहा जा रहा है कि मौतें भीड़ में से किसी के गोली चलाने से हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जो वीडियो जारी किया है, वह फर्जी हो सकता है। उसमें भी किसी व्यक्ति के हथियार चलाने की बात स्पष्ट नहीं है। ऐसे मामले का सच न्यायिक जांच से ही सामने आएगा। मोदी ने कहा कि कटिहार में लोग स्थानीय प्रशासन को पहले सूचना देकर बिजली के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे थे।

BRIEF NEWS

### ट्रैफिक एसपी को ग्रामीण एसपी का भी प्रभार



**RANCHI :** रांची ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा को रांची ग्रामीण एसपी के पद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। इसे लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 28 जुलाई को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम साहेबगंज एसपी के पद पर योगदान देने के लिए चले गये। इनके स्थानांतरण से ग्रामीण एसपी रांची का पद रिक्त हो गया है। ग्रामीण एसपी रांची के पदस्थापन तक ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा अपने कार्यों के अतिरिक्त ग्रामीण एसपी के प्रभार में रहेंगे।

### रांची के एमवीआई बनाए गए मुकेश कुमार

**RANCHI :** परिवहन विभाग ने राज्य के 8 जिलों मोटरयान निरीक्षकों (एमवीआई) की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। तीन एमवीआई को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार मुकेश कुमार रांची एमवीआई बनाये गये हैं। इसके अलावा चार को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### नक्सलियों के 'शहीद सप्ताह' को लेकर रेलवे ने बढ़ाई सुरक्षा

**RANCHI :** नक्सलियों ने 28 जुलाई की रात से तीन अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने की घोषणा की है। नक्सलियों द्वारा इस घोषणा के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे जोन सतर्क हो गया है। एहतियातन लंबी दूरी की ट्रेनों में आरपीएफ को सतर्क रहने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा मनोहरपुर में पोस्टरबाजी के बाद हावड़ा-मुंबई मार्ग के छोटे-बड़े स्टेशनों पर आरपीएफ की चौकसी बढ़ा दी गई है। इसके साथ हीं लंबी दूरी की ट्रेनों में सुरक्षा के तहत एस्कॉर्ट ड्यूटी जवानों को भी अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। नक्सली पहले भी स्टेशनों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर ट्रेन परिचालन बाधित कर चुके हैं। इससे पहले भी नक्सलियों ने इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया था। इसलिए नक्सलियों के शहीद सप्ताह मनाने की घोषणा के बाद मुख्यालय से सभी स्टेशनों पर एक्सीडेंट रिलीफ को तैयार रखने व लाइन की जांच और गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

### देवीपुर प्लास्टिक पार्क में सितबंर में होगा 36 प्लॉट्स का आवंटन

**RANCHI :** देवीपुर प्लास्टिक पार्क में जल्द ही प्लॉट आवंटित किया जायेगा। उद्योग विभाग और एसपियाडा की ओर से इसकी तैयारी कर ली गयी है। चिन्हित 102 प्लॉट्स में से 36 प्लॉट्स सिंतबर में उद्यमियों को आवंटित कर दिया जायेगा। वहीं अन्य 66 प्लॉट्स के आवंटन के लिए निवेशक अपनी इच्छा दिखाएंगे। इसके लिये देवीपुर क्षेत्र में कैंप आयोजित कर ऑक्सन किया जायेगा। बता दें देवीपुर में बने प्लास्टिक पार्क में उद्योगों को लगाने की कवायद शुरू की गयी है। जहां साल 2018 से इस क्षेत्र में उद्यमियों को जमीन आवंटित होने के बाद भी अधिकार नहीं हो पाया था। हालांकि इसके लिये संथाल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स ने समय समय पर उद्योग विभाग और एपियाडा को पत्राचार कर मामले में कार्रवाई करने की अपील की।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# या हुसैन, या हुसैन के नारों से गूंज उठा शहर





## मुर्हरम की जुलूस में चंद्रयान-3 की दिखी झलकियां

**PHOTON NEWS RANCHI :** इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न अखाड़ा धारियों के खालीफाओं ने भी इमाम हुसैन और या अली के नारे के साथ अपने-अपने क्षेत्रों से मुर्हरम का जुलूस निकाला। लीलू अली अखाड़ा, धवताल अखाड़ा, सेंट्रल मुर्हरम कमेटी सहित कई अखाड़ों के खालीफाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों से मुहर्रम का जुलूस निकाली। इस मौके पर 10 से अधिक ताजिया और 200 से अधिक झांकियां भी निकाली गई। प्रतीकात्मक के रूप में चंद्रयान-3, मिस्र का मीनार सहित कई प्रतीकात्मक झांकियां देखने को भीड़ उमड़ पड़ी। वही विभिन्न अखाड़ों में आए अखाड़ा धारियों के बीच अस्त्र-शस्त्र का बेहतर प्रदर्शन किया गया, वहीं पुलिस प्रशासन के सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न क्षेत्रों से जिसमें रातू रोड, बरियातू, कांके, लालपुर, थड़पकना, डोरंडा, कांटा टोली, गुदरी होते हुए सभी जुलूस उर्दू लाइब्रेरी होते हुए कर्बला चौक पहुंची और फिर वापिस देर रात जुलूस अपने अपने घर की ओर लौट गई। हजरत इमाम हुसैन की याद में हर गली चौक चौराहों में मुस्लिम बहुल क्षेत्र में जगह-जगह इमामे हुसैन की याद में लंगर बटता रहा। कर्बला चौक पर वर्षों से मुर्हरम के अवसर पर मेला लगता चला आ रहा है। इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर मेला लगा जहां बच्चों के साथ बड़े भी घूमते फिरते नजर आए। बच्चे खिलौना और हिंडोला चढ़ते नजर आए। सेंट्रल मुर्हरम कमेटी रांची इस बार चौकस नजर आई। शहर में निकलने वाले सभी अखाड़े पर कमेटी नजर बनाए हुए थी। किसी तरह कि कोई अनहोनी ना हो इसका खास ख्याल रखा जा रहा था। मुर्हरम कमेटी के महासचिव अकील उर रहमान, आफताब आलम, मोहम्मद इस्लाम, जावेद गद्दी, और इनके सैकड़ों मेंबर क्षेत्र में फैले हुए थे। और जुलूस की निगरानी कर रहे थे। इस बार जुलूस में चलने वालों को परेशानी ना हो इसका ख्याल रखते हुए सैकड़ों शिविर जगह जगह लगाए गए थे जहां पर पानी, शरबत, खिचड़ा, मीठा, जर्दा, फल फ्रूट, आदि का लंगर बटता रहा। रांची जिला पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी हर जगह देखने को मिली। पुलिस प्रशासन हर जुलूस हर अखाड़े और हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। महावीर चौक पर परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मुर्हरम के जुलूस का स्वागत श्री महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव सागर कुमार और इनके पूरी टीम के द्वारा किया गया रांची की यह पुरानी परंपरा रही है। क्या मुर्हरम जुलूस का स्वागत









## पिठोरिया में खलीफाओं को पगड़ी पहनाकर किया गया सम्मानित



**PHOTON NEWS PITHORIYA :** सेंट्रल मुर्हरम कमिटी पिठोरिया के तत्वाधान में मुर्हरम जुलूस के पूर्व शनिवार को बाइक जुलूस निकाला गया। साथ ही क्षेत्र के खलीफाओं और गणमान्य लोगों को पगड़ी की रस्म अदा कर सम्मानित किया गया। कमिटी के अध्यक्ष सुभान अंसारी की अध्यक्षता में पिठोरिया, कोकदोरो, बालू, ओखरगड़ा, बाड़ू, पिरुटोला, कोनकी चौक, सहित कई गांव के होते हुए हजारों की संख्या में बाइक रैली में शामिल लोगों ने इस्लाम का परचम ले कर नारे लगाते हुवे पिठोरिया चौक में सभा मे तब्दील हो गई जहां पर पकड़ी की रस्म अदा की गई। पिठोरिया मुर्हरम मैदान में क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा शामिल हो कर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी अखाड़ो को कमिटी के तरफ से पुरस्कृत भी की जाएगी। मौके पर कांग्रेसी नेता सुरेश बैठा, आजसू नेता हकीम अंसारी, मोजिबुल अंसारी, जीप सदस्य प्रतिनिधि जमील अख्तर, शकील अंसारी, शहबान अंसारी, सुभान अंसारी, मुस्ताक आलम, आसिफ अंसारी, फिरोज अंसारी, अफजल अंसारी, भोला खान, सज्जाद खलीफा, मोहम्मद इकबाल, हफीज अंसारी और कई अखाड़ो के खलीफाओं को पकड़ी पहना कर सम्मानित किया गया।

## कांके में निकला जुलूस, DC & SSP हुए शामिल



**PHOTON NEWS KANKE :** सेंट्रल मुर्हरम कांके के तत्वाधान में कांके के पतराटोली, चूड़ी टोला, खेत मोहल्ला, मिल्लत कॉलोनी, बाजार टाड़, सेमर टोली आदि जगहों के अखाड़ा से सैकड़ो की संख्या में जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से निकला। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होकर सीआइपी चौक पंहुचा जहां सभी अखाड़ा द्वारा खेल का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद कांके चौक पर भी सभी अखाड़ो द्वारा अपने खेल का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद सभी अखाड़ा सेंट्रल मुर्हरम मैदान पंहुचा। जहां सेंट्रल मुर्हरम कमिटी के द्वारा सभी अखाड़ा के खलीफाओं का स्वागत पगड़ी पहना कर किया गया। सेंट्रल मुर्हरम मैदान में सभी अखाड़ा द्वारा खेल का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सेंट्रल मुर्हरम मैदान पंहुचे डीसी राहुल कुमार, एसएसपी कौशल किशोर, बीडीओ शिलवंत कुमार भट्ट का भी पगड़ी पहना कर कमिटि के पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा बेस्ट अखाड़ा व बेस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## सीएम, स्पीकर और मंत्री पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के आरोप में लिखित शिकायत

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन विधानसभा अध्यक्ष रविद्रनाथ महतो और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बारे में यूट्यूब पर आपत्तिजनक और अर्नरगल भाषा का प्रयोग करने के आरोप में अरगोड़ा थाना में लिखित शिकायत की गई है। यह विडियों भोकाल नामक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया था। जेएमएम के केद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने अरगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविद्रनाथ



महतो और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बारे में यूट्यूब पर आपत्तिजनक, अर्नरगल और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एक विडियो अपलोड किया गया है। जो किसी भोकाल टीवी के नाम के चैनल पर प्रसारित किया जा रहा है। उस विडियो में सीएम हेमंत सोरेन का नाम लेकर काफी आपत्तिजनक एवं अपमानजनक तथ्यो को परोसा जा रहा है। इसकी जानकारी बीते शुक्रवार को रात 8 बजे हुई। अमर्यादित टिप्पणी और आपत्तिजनक तथ्यों से अमन चैन और सौहाद्रपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे झारखंड वासी मर्माहत है। पार्टी के कार्यकर्ता में काफी आक्रोश है। इससे राज्य में अशांति फैलने का खतरा है। चैनल के संचालक, रिपोर्टर और बयानबाजी करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है।

## भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर के सहयोगी राजू कुमार से एनआईए ने दूसरी बार की पूछताछ

**CRIME REPORTER RANCHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के सहयोगी राजू कुमार से दूसरी बार पूछताछ की है। एनआईए ने राजू कुमार को चार दिनों की रिमांड पर लिया और उससे कई सवाल पूछे। राजू कुमार पर रविंद्र गंझू के पैसे को अलग-अलग व्यवसाय में लगाने का आरोप है। बता दें कि एनआईए की टीम ने बीते छह जुलाई को राजू कुमार को लोहरदगा के कुडू बाजार से गिरफ्तार किया था। बता दें कि राजू कुमार पिछले छह माह से एनआईए की रडार पर था। वह लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र स्थित विश्रामगढ़ गांव का रहने वाला है। एनआईए ने पूर्व में विश्रामगढ़ में छापेमारी की थी। इस दौरान ईंट-भट्ठे से पिस्टल, बैंक पासबुक और जमीन के कागजात बरामद किये गये थे। एनआईए ने राजू कुमार को समन भी भेजा था।

### 50 लाख रंगदारी मामले में दो को रिमांड पर लेगी पुलिस

**RANCHI :** रांची पुलिस 50 लाख रुपये की रंगदारी के मामले में दो आरोपित अर्जुन करमाली और छोटन तिर्की को रिमांड पर लेगी। दोनों हजारीबाग जेल में बंद हैं। पुलिस का कहना है कि इन्हीं के द्वारा रातू स्थित मुखतार होटल के मालिक कमरूल हक से 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी का पैसा नहीं देने पर डराने के लिए कारोबारी पर फायरिंग किया गया था। पुलिस ने इस मामले में शूटर समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेकिन पुलिस को जानकारी मिली है कि जेल में रहने के बाद दोनों आरोपित टीएसपीसी के लिए काम कर रहे हैं। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि इनके द्वारा और कितने कारोबारियों को धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों आरोपी कारोबारियों से रंगदारी मांग कर रातू इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि टीएसपीसी के नाम पर उन्हें आसानी से पैसा मिल सके।

### महिला के देवर ने खलारी थाना के पूर्व निजी ड्राइवर इरशाद पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

# आदिवासी महिला के खुदकुशी के बाद क्षेत्र में तनाव लाठी, डंडे, ईंट और पत्थर भी चले, पुलिस ने खदेड़ा

**CRIME REPORTER RANCHI :** एक आदिवासी महिला ने दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर शनिवार को फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद क्षेत्र में जमकर लाठी, डंडे, ईंट और पत्थर चले। फिलहाल क्षेत्र में तनाव का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़कर भगाया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सूचना मिलते ही सांसद संजय सेठ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि खलारी के जी टाइप में रहने वाली 32 वर्षीय आदिवासी महिला से आरोपी ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। उसके बाद उसे ब्लैकमेल करने लगा। इससे आहत आदिवासी महिला ने दबाव में आकर घर में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। महिला की देवर ने खलारी थाना के पूर्व निजी ड्राइवर इरशाद पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपी इरशाद ने ही भाभी के साथ दुष्कर्म किया फिर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था। इसी दबाव में आकर उसकी भाभी ने खुदकुशी की है। मिली जानकारी के अनुसार मृत महिला का पति बीते एक साल से बेंगलुरु के जेल में बंद है। उसके तीन बच्चे हैं। देवर निजी ड्राइवर का काम करता है। घटना से आक्रोशित आदिवासी समाज के लोग और हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने डकरा-खलारी घूमकर दुकानों को बंद कराया। इसी दौरान शहीद चौक खलारी के निकट सोनू मोटर नामक दुकान में झड़प हो गई। झड़प में दूसरे पक्ष के दुकानदार का सिर फट गया और खून निकलने लगा। मौके पर पहुंची खलारी थाना पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया और जीप में बैठा लिया। बताया जा रहा है कि बंद कराने के दौरान हुए झड़प में दूसरे पक्ष के दुकानदार का सिर फूटने से युवक आक्रोशित हो गए। पुलिस के वहां से हटते ही सड़क पर आने जाने वालों पर पथराव करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत पहुंची और सभी को खदेड़ दी। दुकानदार पक्ष का आरोप है कि बंद कराने वाले युवक ने रड से सिर पर मारा हैं। बंद समर्थकों का कहना है कि शटर बंद करने में चोट लगा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### सुभाष मुंडा हत्या मामले में 30 लोगों से हुई पूछताछ, पांच हिरासत में

**RANCHI :** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्या मामले को लेकर पुलिस की एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में पुलिस अब तक 30 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है, जिसमें पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। इसके आधार पर ही पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। मामले में पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल अपराधियों के बारे में पता लगाने के लिए टावर और कॉल डंप के जरिये पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई की रात बाइक सवार अपराधियों ने माकपा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## ओमान में फंसे झारखंड के छह प्रवासी मजदूर

### वतन वापसी की लगा रहे गुहार

**PHOTON NEWS RANCHI :** गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग के छह प्रवासी मजदूर मुस्लिम देश ओमान में एक प्राइवेट कंपनी में पिछले कुछ महीनों से बंधक बने हुए हैं। इन मजदूरों के परिजनों ने इस मामले की जानकारी मिलने के बाद अब राज्य व केंद्र सरकार से उन्हें वापस लाने की गुहार लगाई है। प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने भी राज्य सरकार से अपील की है कि ओमान देश की राजधानी मस्कट में एक प्राइवेट कंपनी में फंसे इन मजदूरों की स्वदेश वापसी की व्यवस्था राज्य सरकार करे। जानकारी के अनुसार गिरिडीह के बगोदर के महूरी गांव निवासी किशोर महतो, बोकारो के पेक निवासी युगल महतो और हजारीबाग के नेरकी गांव के संजय महतो के अलावा अलग अलग गांव के दिनेश महतो, अर्जुन महतो शामिल हैं। छह मजदूर जिस निजी कंपनी में नजरबंद है। उस कंपनी में सारे मजदूर पिछले साल दिसंबर में मोबाइल टावर लगाने गए थे। इसके बाद से इन ही मजदूरों को कंपनी ने बंधुआ मजदूर बनाते हुए इनका पासपोर्ट जब्त कर लिया। मजदूरों को पांच माह से वेतन भी नही दिया गया है। इन मजदूरों ने कंपनी में कार्यरत दूसरे कर्मियों के मोबाइल से एक वीडियो भेजकर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और भारत वापसी की गुहार भारत सरकार और राज्य सरकार से लगाई है।

BRIEF NEWS

### झाकोमयू के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रोशन और सह सचिव बने सत्येंद्र यादव

**RAMGARH:** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया व क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने शनिवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित कर झाकोमयू के नवनियुक्त बरका-सयाल क्षेत्र के पदाधिकारियों की सूची जारी की है। नवनियुक्त बरका-सयाल क्षेत्र के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष रोशन कुमार, सह सचिव सत्येन्द्र यादव व सह सचिव लव कुमार महतो शामिल हैं। पत्र में जीएम से व्यवसायिक एवं औद्योगिक अधिनियम के तहत इन्हें संरक्षित करने की बात कही है। इधर पदाधिकारियों के मनोनयन पर कुमार संजय श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, अविनाश कुमार वर्मा, अजय कुमार सिंह, अमित कुमार सिन्हा, प्रबुद्ध कुमार सिन्हा, उपेन्द्र कुमार सिन्हा, धनंजय वर्मा, रुसतम सोहराब, कालीचरण विश्वकर्मा, ललन यादव, महेंद्र सिंह, योगेंद्र प्रसाद, नकुल साव, विजेंद्र प्रसाद, रंजीत कुमार, नियाज हुसैन, लियाकत अंसारी, आलमगीर अंसारी, जियाउल्लाह अंसारी, कांति कुमारी, मंजू लता कुमारी, कुलदीप उरांव, विशाल कुमार, गीता कुमारी, ज्ञानती देवी, अंशी देवी, उर्मिला देवी, अमृता सिन्हा, संगीता कुमारी, सरिता देवी, वैजयंती देवी, सुमित्रा देवी, सुलेखा बनर्जी, गुंजा कुमारी, सविता देवी, पूनम देवी, सुनीता कुमारी, हेमलता देवी, पुष्पा देवी, पिंकी कुमारी, सीता देवी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### एक दिवसीय धरना पर हुई चर्चा, कहा- कुछ लोग पुरानी समिति को धमकाने व लालच देने का कर रहे हैं कार्य

**BHURKUNDA:** इच्छा पुरण बाला जी हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की बैठक शनिवार को सुखदेव राम के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता संजय अग्रवाल व संचालन परमजीत सिंह धामी ने किया। बैठक में मंदिर मामले को लेकर आगामी 31 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ परिसर में होने वाले एक दिवसीय धरना की तैयारियों पर चर्चा की गई। कहा गया कि तथा कथित कुछ लोग पुरानी समिति के सदस्यों को धमकाने व लालच देने का काम कर रहे हैं जिसका समिति घोर निंदा करती है। साथ ही समिति ने पुलिस-प्रशासन से मांग की है कि उनके गतिविधियों को रोका जाए अन्यथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। समितियों के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मामले की लिखित सूचना शासन-प्रशासन को दिया जायेगा। मौके पर संजय अग्रवाल, परमजीत सिंह धामी, सुशील गोयल, उमेश सिंह, सुखदेव राम, मनोज साव, अजय गोयल, पीएन साहू, राजू अग्रवाल, महेश्वर साहू, शिव कुमार गुप्ता, सुरेश उपाध्याय, राकेश चैधरी, राजेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, राजकुमार साहू आदि मौजूद थें।

### 25 सदस्यीय अस्थाई समिति का हुआ गठन, 5 अगस्त को 3 वर्ष के लिए स्थाई सदस्य का होगा चयन

**BHURKUNDA:** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को ले शनिवार को 18 से 40 वर्ष तक के महिला-पुरुषों के लिए सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने ग्रामीणों को बताया कि पंचायत में ग्रामसभा कर 25 सदस्यीय अस्थाई समिति का गठन किया गया है, जो पूरे ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर 18 से 40 वर्ष के युवा युवतियों तथा महिला-पुरुषों को सदस्य बनाएंगे। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के समस्त सदस्यों को उनके कार्य क्षमता के अनुसार खेल, कला, संस्कृति एवं रोजगार सरकार की ओर से प्रशिक्षण तथा कौशल विकास का कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के समस्त सदस्य आगामी 5 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का स्थाई समिति का गठन 3 वर्ष तक के लिए होगा।

# रामगढ़ में निकला ताजिया जुलूस शहादत की अनोखी मिसाल है मुहर्रम

## डीसी, एसपी और एसडीएम ने लिया सुरक्षा का जायजा

**PHOTON NEWS RAMGARH:** मुहर्रम बच्चों, महिलाओं सहित लोगों पर ढाए गए जुल्म और सितम की कभी न भूली जाने वाली दर्द भरी दास्तां है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन सहित उनके मासूब बेटे और साथियों को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की जंग सिर्फ जुल्म के खिलाफ थी। इस दिन को इस्लामिक कल्चर में मातम का दिन भी कहा जाता है। क्योंकि नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन अपने 72 साथियों और परिवार के साथ मजहब-ए-इस्लाम को बचाने, हक और इंसाफ को जिंदा रखने के लिए शहीद हो गए थे। सन 680 में कर्बला नामक स्थान पर एक विशेष धर्म युद्ध हुआ था। यह युद्ध पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के नाती हुसैन इब्न अली तथा यजीद के बीच में था। अपने धर्म की रक्षा करने के लिए इस युद्ध में हुसैन इब्न अली अपने 72 साथियों के साथ न्योछावर हो गए थे।



रामगढ़ में मुहर्रम जुलूस में ताजिया की तस्वीर। • फोटोन न्यूज



रामगढ़ के मुहर्रम जुलूस में जुटी भीड़। • फोटोन न्यूज

**रामगढ़ में निकाला गया ताजिया जुलूस**

रामगढ़ शहर में मुहर्रम के मौके पर विभिन्न कमेटियों के द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया। नईसराय, गोलपार, पूर्णी मंडप, सौदागर मोहल्ला, कांकेबार, दुसाध मुहल्ला, कोयरी टोला कि मुहर्रम कमेटी ने ताजिया बनाकर जुलूस निकाला। शहर के सभी ताजिया जुलूस थाना चौक होते हुए चट्टी बाजार होते हुए पूर्णी मंडप कर्बला तक पहुंचे, जहां ताजिया का विसर्जन किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन के द्वारा हर चौक चौराहे पर पुलिस और दंडाधिकारी की ड्यूटी लगाई गई थी। थाना चौक और बाजारटांड़ से वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जुलूस के दौरान लोगों से सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने एवं अन्य आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की।

# विभिन्न जगहों पर ताजिया के साथ निकाला गया विशाल जुलूस

## अस्त्र-शस्त्र के जरिए किए गए हैरतअंगेज प्रदर्शन



लाठी खेलते खिलाड़ी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAJRAPPA** बड़कीपोना मुखिया अरविंद कुमार सिंह मुहर्रम के ताजिया जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान मुखिया ने आपसी सौहार्द के साथ पंचायत के विकास में एकता का परिचय देने का उन्होंने आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि पंचायत के लोग यहां हिन्दू-मुस्लिम एकता का परिचय हमेशा देते आ रहे हैं। बताते चले कि अपने धर्म व इंसानियत की हिफाजत को हजरत इमाम हुसैन ने अपनी व परिवार वालों की शहादत पेश की। उनकी शहादत को याद करने का दिन ही मोहर्रम है। यही कारण है कि मोहर्रम में शहीदान-ए-कर्बला को याद किया जाता है। लोग अपनी हर खुशी त्याग देते हैं। इससे पूर्व यहां पहुँचे मुखिया को कमेटी के लोगों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया। वही स्थानीय खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, फरसा, बल्लम सहित अन्य पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। इधर, चितरपुर के विभिन्न जगहों पर ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। मौके पर शहादत हुसैन, गुलाम सरवर, अमृत कुमार, रामध्यानी राम दांगी, लालदेव महतो, मनोज पासवान, हाजी रबानी, सिबतन अब्दुल्लाह, ईनाम, तबरेज, शेखावत, विक्की, मुबारक, मुमताज, निर्मल कुमार, सदानंद रविदास, एकराम, इरफान, शोभा मुंडा, तेसाम, हैदर, कुर्बान, रफीक, सफीक, सरफराज, बकाउल्लाह सहित अन्य मौजूद थे।

# हाईवा ने बाइक को रौंदा, चालक की मौत

## ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग को सात घंटे तक रखा जाम

**PHOTON NEWS PALAMU:** जिले के जपला-छतरपुर मुख्य पथ के गोठा गांव के समीप हाइवा ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार छतरपुर थाना के गोठा निवासी 32 वर्षीय मुन्ना यादव की मौत हो गई। ग्रामीणों ने शनिवार की अहले सुबह से जपला छतरपुर मुख्य पथ को जाम रखा। हालांकि, दोपहर में पुलिस और सिविल प्रशासन के समझाने पर करीब सात घंटे बाद सड़क से जाम हटाया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात दस बजे गोठा गांव निवासी मुन्ना यादव मामा के घर सुशीगंज के तरीपर से बाइक से घर से जा रहा था। बाइक सवार ओवरटेक कर रहा था। इसी बीच गोठा गांव के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे मुन्ना यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारे लगाए। घटना के बाद लठेया पिकेट की पुलिस ने शव को छतरपुर थाना ले गई, जबकि हाइवा को भी जब्त कर लिया है।



सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

बताया जाता है कि दुर्घटना में शामिल हाइवा हुसैनाबाद के दमदमी में चल रहे शुभ लाभ माइंस का है। हाइवा का चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने सड़क सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक सड़क पर जाम लगा रखा। मौके पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी, बीडीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी शेखर कुमार, लठेया पिकेट प्रभारी बरुन शर्मा के समझाने और सरकारी लाभ देने का आश्वासन देने पर सड़क से जाम हटाया गया।

# पलामू में फंदे से लटका मिला महिला का शव, पति पर हत्या का आरोप

**PHOTON NEWS PALAMU:** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला में शनिवार को एक महिला का शव संदिग्ध हालात में पेड़ के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। उसकी पहचान चंदन भुइहर की 22 वर्षीय पत्नी रंजीता देवी के रूप में हुई है। उसके मायके वालों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है।

मौत की सूचना मिलने पर लड़की के परिजन जब उसके घर पहुंचे तो उन्होंने उसके पति की पिटाई भी की। हालांकि, तत्काल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम



एमआरएमसीएच में कराया। महिला की बड़ी बहन के साथ उसके पति का अवैध संबंध होने की बात सामने आई है। चंदन और रंजीता की शादी दो वर्ष पहले हुई थी। उनसे कोई संतान नहीं है। रंजीता की बड़ी बहन चंदन के गांव में ही रहती है। शादी उसने ही कराई थी। आना जाना होने के कारण चंदन का अपनी पत्नी की बड़ी बहन के साथ अवैध संबंध बन गया था।

बताया जाता है कि रंजीता देवी के साथ उसका पति अक्सर मारपीट करता था। साथ ही जान से मारने की धमकी भी कई बार दी थी। शुक्रवार की रात भी जमकर पिटाई की थी। मृतका का मां रामगढ के थाम टोला की फुलबासो देवी ने कहा कि मारपीट की जानकारी रजंती ने रात में ही दी थी। चेहरा सूज गया था। रात 9 बजे से रंजीता गायब थी। शनिवार को उसका शव घर से करीब 300 मीटर दूर पेड़ से लटका बरामद हुआ। शव जिस स्थिति में मिला, उससे हत्या की संभावना जताई गई है।

# बीएयू किसानों को बताएगा पौधों को संरक्षित करने का तरीका, होगा प्रशिक्षण सत्र

**PHOTON NEWS RANCHI:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की पहल पर प्रदेश में पहली बार पौधा किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम, 2001 विषय पर जागरूकता अभियान-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति ने प्रदेश के किसानों के बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी बताया है। बीएयू के निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ एस कमार्कार ने बताया कि पौधा किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार प्राधिकरण (पीपीवी एंड एफआरए), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जागरूकता अभियान-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को होगा। बीएयू परिसर स्थित कृषि प्रेक्षागृह में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मैरी नीलिमा केरकेट्टा होंगी। जबकि, अपर मुख्य वन संरक्षक डॉ डीके सक्सेना एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के पूर्व कुलपति डॉ एके सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीपीवी एंड एफआरए के अध्यक्ष एवं पूर्व आईसीएआर महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा करेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों केकिसान एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों के अलावा बीएयू के पौधा प्रजनक एवं कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम के दो तकनीकी सत्रों में पौधा किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम, 2001 विषय पर पीपीवी एंड एफआरए के अधिकारी यूके दुबे द्वारा किसानों एवं केवीके वैज्ञानिकों को अवगत कराया जायेगा। इन सत्रों की अध्यक्षता पीपीवी एंड एफआरए के अध्यक्ष डॉ. त्रिलोचन महापात्रा तथा सह-अध्यक्षता बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे।

# पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**PHOTON NEWS GUMLA:** डुमरी प्रखण्ड के नवाडीह पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय पंचायत फैसिलिटेशन टीम का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन झारखण्ड हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना (जीवी दाः हासा) के अंतर्गत विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ 27 जुलाई 2023 को पंचायत के मुखिया चेतन लाल मिंज के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत प्रतिभागियों के स्वागत एवं उनके परिचय से हुआ। इसके पश्चात विकास भारती बिशुनपुर के टीम लीडर राम कुमार चौधरी ने जीवी दाः हासा परियोजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया की जीवी दाः हासा परियोजना का संचालन ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार एवं भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से झारखण्ड राज्य के 7 आकांक्षी जिलों के 24 प्रखण्डों में संचालित की जा रही है। इसका



नावाडीह भवन में तीन दिवसीय कार्यक्रम की बैठक में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

मुख्य उद्देश्य जल एवं मिटटी का संरक्षण करना तथा ग्रामीण परिवारों का आजीविका संवर्द्धन करना है। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवाडीह पंचायत के 8 राजस्व गांव का जीआईएस आधारित डीपीआर बनाने हेतु टीम का क्षमतावर्द्धन करना एवं नियोजन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत करना है, ताकि वे डीपीआर निर्माण हेतु डेटा (आंकड़ा) संग्रह कर सके।इसके बाद जीवी दाः हासा परियोजना एवं जलछाजन पर विडियो फिल्म दिखाया गया जिसमे जीवी दाः हासा परियोजना के उद्देश्यों एवं जल तथा मिटटी संरक्षण के बारे में बताया गया। जल एवं मिटटी संरक्षण के किस प्रकार के योजनाओं का निर्माण चुनाव करना है, उसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। मनरेगा कानून 2005 (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005), लैंड यूज प्लान, ड्रेनेज लाइन ट्रीटमेंट प्लान एवं लाइवलीहुड एसेट प्लान के तहत लिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के योजनाओं, मिटटी के प्रकार एवं उसके ढलान के आधार पर किस तरह योजनाओं का चयन, ओडीके मोबाइल एप्प द्वारा आंकड़ा संग्रह करने की विधि, (सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन) प्रक्रिया की जानकारी दी गयी एवं हडसारी गांव के करम टोली में पीआरए (सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन) का अभ्यास कराया गया, साथ ही ओडीके मोबाइल एप्प द्वारा आंकड़ा संग्रह एवं योजनाओ के चयन की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया।प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रखण्ड प्रमुख जीवन्ति एक्का ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीवी दाः हासा की टीम हमारे गांव के लिए एक अच्छी योजना (डीपीआर) बनाने के लिए काफी मेहनत कर रही है।

मुझे उम्मीद है कि आप सभी के सहयोग से हम अपने गांव को जल संरक्षण में एक मॉडल गांव के रूप में विकसित कर पाएंगे। इस प्रशिक्षण में नवाडीह पंचायत के 8 राजस्व गांव से चयनित 32 पंचायत फैसिलिटेशन टीम के सदस्य, पंचायत सचिव पूरन गोप, डुमरी पंचायत के रोजगार सेवक हरबंश कुजूर, प्रशिक्षक के रूप में विकास भारती बिशुनपुर के जीवी दाः हासा टीम के टीम लीडर राम कुमार चौधरी, वाटरशेड एक्सपर्ट आदर्श आजाद एवं क्लस्टर कोऑर्डिनेटर कौशल किशोर उपस्तिथ थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी रिक्त सेविकाओं व सहायिकाओं के चयन के लिए तत्काल करें आमसभा का आयोजन

# DMFT के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की DC ने की समीक्षा

- दिव्यांग उपकरणों का समय से करें वितरण
- रेल परियोजना को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में करें लागू
- सभी सरकारी विद्यालयों में पेयजल व शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता करें सुनिश्चित
- बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन परियोजना शुरू कर लाभुकों को दे लाभ : उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार।

**PHOTON NEWS RAMGARH:** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण कार्यालय एवं शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यो तथा डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समाज कल्याण कार्यालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से विभिन्न योजनाओं एवं रामगढ़ जिला अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी रिक्त सेविका व सहायिकाओं के चयन हेतु तत्काल आमसभा आयोजित करने का निर्देश दिया वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को ससमय दिव्यांग उपकरणों का



अधिकारियों के साथ बैठक करते रामगढ़ उपयुक्त चंदन कुमार। • फोटोन न्यूज

वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से स्वाधार गृह व वात्सल्य धाम का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया।

शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में रेल परियोजना लागू करते हुए नियमित रूप से बच्चों के लिए यूनिट टेस्ट आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी है को वापस स्कूल तक लाने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से प्रतिदिन अपनी उपस्थिति विद्यालयों में दर्ज करें वही उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों को विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नियमित रूप से योजनाओं का निरीक्षण करने व गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण कर लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन परियोजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत सरकारी विद्यालयों के चारदीवारी सहित अन्य कार्यों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

BRIEF NEWS

## जिले में डेंगू के छह मरीज मिले, चल रहा इलाज

**JAMSHEDPUR :** जिले में छह डेंगू के मरीज मिले है। इनका इलाज मर्सी, टेल्को अस्पताल व गुरूनानक अस्पताल में चल रहा है। इसमें तीन मानगो, एक-एक गोविंदपुर, बारीडीह व पटमदा के रहने वाले है। जिला सर्विलेंस विभाग ने सैंपल जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। जहां से शनिवार को इसकी रिपोर्ट आने पर इसकी पुष्टि हुई। जिले में लगातार डेंगू के मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता बढ़ गयी है। विभाग के द्वारा सभी जगहों पर एंटी लार्वा का छिड़काव करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। एंटी लार्वा छिड़काव के लिए विभाग की ओर से तीन टीम बनायी गयी है जो मानगो, साकची व जुगसलाई क्षेत्र में एंटी लार्वा का छिड़काव कर रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में एमपीडब्ल्यू के द्वारा जांच किया जा रहा है।

## सीजीपीसी का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर आज

**JAMSHEDPUR :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा रविवार (30 जुलाई) को बड़े पैमाने पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन सीजीपीसी कार्यालय में किया जाएगा। शिविर को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा कि सीजीपीसी स्वास्थ्य का लंगर लगा रही है जरूरतमंद इस अवसर का लाभ अवश्य लें। शिविर में स्वास्थ्य जांच के अलावा नेत्र जांच और विभिन्न प्रकार के रक्त जांच भी किए जाएंगे। शहर के जाने-माने चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। जिनमें डॉ. निशा चौधरी, डॉ. स्तुति केडिया, डॉ. मीनल खिरिया सुगन्धि, डॉ. सौरव बनर्जी एवं डॉ. रोहित कुमार झा प्रमुख रूप से सबके स्वास्थ्य की जांच करेंगे। वहीं रक्तदान सुबह दस बजे से चार बजे तक आयोजित किया जाएगा जबकि स्वास्थ्य जांच और अन्य जांच दोपहर दो बजे तक चलेंगे। सरदार भगवान सिंह ने आह्वान किया है कि जरूरतमंद इस शिविर का लाभ अवश्य उठाएं और बड़ी संख्या में शामिल होकर इस प्रयास को सफल बनाएं।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकला मुहर्रम का जुलूस, युवाओं ने दिखाए करतब

**JAMSHEDPUR :** मुहर्रम पर शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर फातिहा ख्वानी के साथ मुहर्रम का जुलूस निकला। कर्बला में महान शहादत की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम पर जुलूस और ताजिया परंपरागत अकीदत के साथ निकाले गए। अखाड़ा जुलूस में शामिल युवक मातमी धुन के बीच हैरतअंगेज करतब दिखा रहे थे। अकीदतमंदों का मुहर्रम हजरत मुहम्मद के कौल (वाणी) और अमल (कर्म) से पवित्र हो उठा। इस अवसर पर गोलमुरी में विभिन्न समाज के नेताओं को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जेएमएम के नेता हिदायतुल्ला खान, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, समाजसेवी विकास सिंह सहित कई अन्य लोगों को अखाड़ा समिति द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं शहर के साकची मोहम्मडन लाइन, धतकीडीह, मानगो, आजादनगर, जाकिरनगर, उलीडीह, साकची, भालूबासा, गोलमुरी के अखाड़े, बिष्टुपुर बेलीवोधनवाला घाट, कदमा, धातकीडीह, मकदमपुर, रानिकुदर, जुगसलाई, सोनारी, शास्त्रीनगर, रामदास भट्टा, परसुडीह टेल्को, बारीनगर से मुहर्रम जुलूस निकला। जुलूस में शामिल लोग या हुसैन। या हुसैनङ्ख के नारे लगा रहे थे। साथ- साथ अपने शरीर पर तलवार, ब्लेड और जंजीर से मार कर मातम मना रहे थे। जुलूस में युवाओं द्वारा हैरतअंगेज कारनामे दिखाए गए। करतब देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा सेवा शिविर भी लगाया गया था। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई थी। ड्रोन से जुलूस की निगरानी की जा रही थी। चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# JAMSHEDPUR WOMEN'S UNIVERSITY : UG

# प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** छात्राओं की मांग को देखते हुए जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ा दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना विश्वविद्यालय की ओर से जारी कर दी गई है इसके तहत अब 8 अगस्त तक छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। यह जानकर विविकी कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कुल 14 विषयों में आवेदन की सीमा 8 अगस्त तक बढ़ा दी गयी है। ये विषय हैं - वाणिज्य, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, बांग्ला, उड़िया, संस्कृत, उर्दू, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान तथा संगीत। ज्ञात हो कि इन विषयों में स्नातक के लिए इच्छुक छात्राओं के लिए पहले 25




जुलाई तक की तिथि निर्धारित थी किन्तु कई छात्राएं आवेदन नहीं कर पायी थीं। एक कारण सीयूइटी एवं चांसलर पोर्टल के माध्यम को लेकर एक भ्रम था। यूनिवर्सिटी ने पूर्व के विज्ञप्ति से इसे स्पष्ट भी किया था कि चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन करनेवाली छात्राएं भी मेधा सूची के आधार पर नामांकन की पात्र होंगीं। पहली मेधा सूची के प्रकाशित होने के बाद छात्राओं को यह बात स्पष्ट हो गयी है। जो इस कारण फॉर्म नहीं भर पाई थीं उन्हें एक और अवसर दिया जा रहा है। उपरोक्त विषयों से यूजी में नामंकन के लिए इच्छुक छात्रा अभ्यर्थियों को पूर्व की तरह चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। एडमिशन से संबंधित अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://jwu.ac.in पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

**अब तक 3500 से अधिक छात्राओं ने किया है आवेदन:** अगर विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए अब तक आवेदन की बात करें तो करीब 3500 छात्राओं ने आवेदन किया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 1000 अधिक है।

**बीकॉम में एडमिशन के लिए पहली मेधा सूची जारी:** विश्वविद्यालय में तिथि विस्तारित करने के साथ ही एडमिशन के लिए पहली मेधा सूची भी जारी कर दी है। हालांकि अभी सिर्फ बीकॉम में एडमिशन के लिए मेधा सूची जारी की गई है। इसके आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि जल्द ही बीए व बीएससी के लिए भी मेरा सूची जारी कर दी जाएगी। एडमिशन व आवेदन दोनों एक साथ चलेगा।

## जमशेदपुर के तीन केंद्रों पर सहायक अध्यापक आकलन परीक्षा आज, 1500 से अधिक पारा शिक्षक होंगे शामिल

**JAMSHEDPUR :** राज्य के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षकों) की पहली आकलन परीक्षा रविवार 30 जुलाई को होगी। इस परीक्षा के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले में कुल तीन परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर 1500 से अधिक पारा शिक्षक परीक्षा देंगे। इस परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल होंगे, जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा पास नहीं की है। इस परीक्षा को पास करने के बाद पारा शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जायेगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 20 जुलाई से डाउनलोड हो रहे हैं। जहां परीक्षा केंद्र बनाया गया है उसमें कोऑपरेटिव कॉलेज एलबीएसएम कॉलेज वह सेंट्रल करीमिया उच्च विद्यालय शामिल है।

यह परीक्षा 150 अंकों की होगी परीक्षा। कक्षा एक से पांच तक में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा, गणित, मानसिक दक्षता, पर्यावरण विज्ञान, रिजनिंग के सवाल पूछे जाएंगे।

जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा, हिंदी व अंग्रेजी की परीक्षा 30-30 अंकों की होगी। वहीं, गणित व पर्यावरण विज्ञान व बाल विज्ञान की परीक्षा 25-25 अंकों की होगी। मानसिक दक्षता व रिजनिंग की परीक्षा 15 अंकों की होगी। वहीं छठी से आठवीं के पारा शिक्षकों की हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा, गणित, मानसिक दक्षता, पर्यावरण विज्ञान रिजनिंग की परीक्षा अनिवार्य विषय के रूप में होगी। उक्त विषयों की परीक्षा 105 अंकों की जबकि 45 अंकों की परीक्षा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व भाषा की होगी. इसमें अभ्यर्थी जिस विषय के होंगे, उसी विषय की परीक्षा उन्हें देनी होगी।

# तय सीटों से दोगुने आवेदन आये, विश्वविद्यालय अपनी मर्जी से नहीं बढ़ा सकेंगे सीट, सरकार से लेनी होगी अनुमति

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय में स्नातक में एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है। आवेदकों की तुलना में सीटें काफी कम हैं। सभी आवेदकों का कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में एडमिशन हो पाना संभव नहीं है। साथ ही इस बार विश्वविद्यालय ने अपने स्तर पर अलग-अलग कॉलेजों में छात्रों की संख्या के आधार पर सीटें नहीं बढ़ा सकती है। कारण है कि राज्य सरकार के स्तर से ही सभी कॉलेजों में अलग-अलग विषयों की सीटें आवंटित कर दी गयी है। छात्रों को अलग-अलग कॉलेजों में आवंटित सीटों पर ही एडमिशन लेना है। इसके बाद भी अगर कुछ विद्यार्थी एडमिशन से वंचित हो जाते हैं, तो इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से सरकार से सीटों की संख्या में वृद्धि करने की अनुमति लेनी होगी। जबकि पूर्व में छात्र संख्या को देखते हुए सीटें बढ़ाने पर यूनिवर्सिटी का एकेडमिक काउंसिल ही निर्णय ले लिया करता था। जिस कॉलेज व विषय में जितनी सीट बढ़ाने की आवश्यकता होती थी, वह कॉलेज विवि को अपनी जरूरतों से अवगत कराता था। उसके बाद विवि की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में उस पर विचार-विमर्श कर निर्णय ले लिया जाता था। इस मामले में विवि की ओर से अभी कुछ भी स्पष्ट तौर पर बताने से इंकार किया जा रहा है कि आखिर अब आगे क्या होगा। वेट एंड वॉच की स्थिति बनी हुई है।

## ग्रेजुएट कॉलेज की प्रिंसिपल सहित तीन शिक्षक-शिक्षिकाएं कल होंगे रिटायर

**JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय के तीन शिक्षक-शिक्षिकाएं 31 जुलाई को रिटायर हो जाएंगे। इसमें ग्रेजुएट कॉलेज की प्रभारी प्रिंसिपल डॉ मुकुल खंडेलवाल, कोल्हान विवि की प्रोफेसर डॉ मुदिता चंद्रा, व विश्वविद्यालय के सोशल साइंस के डीन डॉ लोकनाथ शामिल हैं।

इसमें डॉ मुदिता चंद्रा ही शिक्षिका थीं जो प्रोफेसर रैंक पर पदस्थापित थी। उनके रिटायर होने के बाद विवि में एक भी प्रोफेसर रैंक के शिक्षक नहीं बचेंगे। उक्त तीनों शिक्षक-शिक्षिकाओं के रिटायर होने की सूचना विवि द्वारा राजभवन को भेजी जा रही है। साथ ही यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सोमवार को ग्रेजुएट कॉलेज को नया प्रिंसिपल मिल जायेगा।

इसके साथ ही अलग-अलग विषयों के विभागाध्यक्ष भी बदले जाने की संभावना है। इधर, एआइडीएसओ के शुभम झा व जेसीएम के विपिन शुक्ला ने ग्रेजुएट कॉलेज में कमीशंड प्रिंसिपल की पदस्थापन की मांग की है।

# मुसाबनी में आरवीएस स्किल एकेडमी के बिरसा केंद्र का उद्घाटन

## बच्चों के बीच यूनिफार्म, बैग एवं किट का वितरण

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शनिवार को मुसाबनी प्रखंड के गोहला पंचायत में आरवीएस स्किल्स एकेडमी के बिरसा केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन बिंदा सिंह ने की।


रामदास सोरेन की फाईल फोटो।

राम दास ने कहा कि ने कहा कि झारखंड एक समृद्ध प्रदेश है, लेकिन यहां की आम जनता गरीब है। उन्हें इस गरीबी से निकालने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इससे प्रदेश के युवाओं को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है।

आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव भरत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के इन दूरदर्शी योजनाओं से समाज का ना केवल भला नहीं होगा, बल्कि उन्हें रोजगार के साथ-साथ स्वावलंबन भी मिलेगा।

इससे पूर्व एकेडमी के प्रबंध निदेशक सह आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने उक्त कौशल विकास केंद्र के जरिये दिये जाने वाले प्रशिक्षण व उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मौके पर डीएसओ अजय कुमार ने भी सभी को संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत नेशनल हेड राम कृष्ण लोढ़ा ने किया। मौके पर केंद्र के बच्चों ने स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया। विधायक रामदास सोरेन ने बच्चों के बीच यूनिफार्म, बैग एवं किट वितरित किया।

# शहर में बढ़ते अपराध को लेकर गठित हुआ नागरिक परिषद, शिवपूजन सिंह बने संयोजक

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर में बढ़ते अपराध को लेकर शनिवार को सिदगोड़ा स्थित टाउन हाल में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक, बुद्धिजीवी, महिलाएं व विभिन्न संस्थाओं के लोग शामिल हुए। सभी ने एक सुर में बढ़ते अपराध को लेकर विरोध दर्ज कराया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिव पूजन सिंह ने कहा कि आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजर रहा जिस दिन चोरी, छिनतई व हत्या जैसी घटनाएं नहीं हो रही है। दिनदहाड़े घटनाएं हो रही है। जिससे पूरा शहर सहमा हुआ है। वहीं, विधायक सरयू राय ने भी बढ़ते अपराध को लेकर चिंता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि सचमुच आज



बैठक में शामिल विधायक सरयू राय व अन्य। ● फोटोन न्यूज

शहर में अपराधी निर्भय होकर अपराध कर रहे हैं। अनिता सिंह ने कहा कि आज महिलाएं व लड़कियां घर से बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस कर रही है। अंत में इस समस्या के निदान के लिए एक गैर राजनीतिक संगठन जमशेदपुर नागरिक परिषद का गठन किया गया। इसके संयोजक शिव पूजन सिंह को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सीनियर एसपी से मिलकर विधि व्यवस्था के बारे में अवगत कराएंगे। इस अवसर पर समाजसेवी एके श्रीवास्तव, श्रीनिवास तिवारी, रमेश कुमार, मुन्ना चौबे, जगदीश सिंह, कामेश्वर चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# मानगो नगर निगम ने डिमना में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बने रहे भवन को दोबारा किया सील

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मानगो नगर निगम की ओर से डिमना अंतर्गत जयपाल कॉलोनी में निर्मला देवी और मनोज सिंह द्वारा डिमना नाला के जमीन को घेरकर किए जा रहे अवैध निर्माण को एकबार फिर से सील कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि 24 जून को मानगो नोटिफाई द्वारा घर को सील करते हुए नोटिस भी चिपकाया गया था। नोटिस के माध्यम से बताया गया है कि खाता संख्या - 727, प्लाट नम्बर - 47 रकवा - 8 डिसमिल मौजा मानगो वार्ड - 10 के तहत जो घर सरकारी जमीन को अतिक्रमण करके बना रहे है, इसे क्यों न तोड़ दिया जाए। इस नोटिस का जबाब 7 जुलाई को सीओ ऑफिस में आकर जवाब देना है। हालांकि


भवन को दोबारा सील करते नगर निगम के अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

घर को सील करने के बाद भी मनोज सिंह द्वारा उक्त जमीन पर बाहर गेट बंद कर के अंदर से प्लास्टर का काम चल रहा था। मानगो नोटिफाई ने 27 जुलाई को को मानगो अंचल अधिकारी को अपने रिपोर्ट सौपते हुए कहा कि उक्त जमीन सरकारी है, जिस पर मनोज सिंह के विरुद्ध केस भी दायर किया गया है। लेकिन मनोज सिंह द्वारा घर को सील तोड़कर अवैध रूप से निर्माण कार्य जारी है।

इसे लेकर बालिगुमा के ग्रामीणों ने भी सीओ ऑफिअ में जाकर इसका जानकारी दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह घर बन रहा है वह सरकारी जमीन है, उसी के बगल में नाले पर पुल बनने वाला है।साथ ही कहा कि यह घर बनने से पुल बनने में दिक्कत होगा। ग्रामीणों का मानगो अंचल अधिकारी से आग्रह किया कि मनोज सिंह द्वारा बनाये जा रहे अवैध घर को जल्द से जल्द तोड़ा जाए। साथ ही मनोज सिंह के ऊपर सरकारी कार्य में व्यवधान पहुंचाने का भी मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

## श्रीरामकथा के पांचवें दिन मध्य प्रदेश से आई दीदी ममता पाठक ने सुनाया श्रीराम-सीता विवाह का प्रसंग

# भाव विभोर हुए श्रद्धालु, लगे जय जय सियाराम के नारे

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में 9 दिवसीय चल रहे श्रीरामकथा के पांचवें दिन मध्य प्रदेश से आई दीदी ममता पाठक ने श्रीराम-सीता विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भक्तों ने जय-जय सियाराम के नारे लगाये।

श्रीराम-सीता प्रसंग में व्यासपीठ से कथावाचिका ममता पाठक ने कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी स्थान पर रख दिया। उसी क्षण राजा जनक ने प्रतिज्ञा ली की जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा उसी से सीता का विवाह करूंगा। राजा जनक ने स्वयंवर में आने के लिए सभी राजा महाराजाओं को निमंत्रण भेजा। स्वयंवर में आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की। लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। तब राजा जनक निराश हो कर महर्षि गुरु वशिष्ठ से कहा कि क्या मेरी पुत्री सीता का विवाह नहीं होगा।

**आरती के बाद किया गया प्रसाद का वितरण :** तब गुरु की आज्ञा पाकर श्री राम ने शिव जी के धनुष को पहले नमन किया


कथा करतीं दीदी ममता पाठक व उपस्थित श्रद्धालु। ● फोटोन न्यूज

तत्पश्चात धनुष को उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व श्रीराम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। पूरा वातावरण खुशियों से भर उठा। भजन मंडली द्वारा मौके पर श्रीराम-सीता विवाह पर सुंदर एवं मधुर भजन प्रस्तुत किए। भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे। आरती के पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रतनलाल जगनानी, गिरधारी लाल शर्मा, रूद्रमल सरायवाला, पंडित बजरंग लाल शर्मा, नंदू सिगोदिया, सौरव लाल शर्मा, नरेश अग्रवाल के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित थे।

# बिना फार्मासिस्ट दवा दुकान खोलने के निर्णय को वापस लेने की मांग

## सीएम व स्वास्थ्य मंत्री को भेजा पत्र

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड सरकार की ओर से राज्य में पंचायत स्तर पर दवा दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है, जिसमें फार्मासिस्ट की जरूरत नहीं होगी। इस निर्णय पर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने झारखंड सरकार के उक्त फैसले को वापस लेने की बात कही है। इस संबंध में काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. मोंटू कुमार एम पटेल ने राज्य के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भी लिखा है।

काउंसिल का कहना है कि पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी कर ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत फार्मासिस्ट के बिना फार्मेसी या मेडिकल दुकान खोलने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है, जो फार्मेसी अधिनियम का उल्लंघन है। उक्त निर्णय सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। फार्मेसी अधिनियम की धारा के मुताबिक, पंजीकृत फार्मासिस्ट के अलावा कोई भी व्यक्ति चिकित्सा व्यवसायी के नुस्खे पर किसी भी दवा को मिश्रित, तैयार, मिश्रण या वितरित नहीं करेगा। जो कोई भी इसका उल्लंघन करता है उसे छह महीने की सजा और आर्थिक जुमार्ना हो सकता है। नियम में स्पष्ट रूप से दशार्या गया है कि पंजीकृत फार्मासिस्ट पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर द्वारा निर्धारित दवाएं देगा। काउंसिल ने सार्वजनिक हित के लिए झारखंड में फामेर्सी प्रैक्टिस विनियम-2015 को जल्द से जल्द लागू करने की बात कहीं है।

# आपातकाल का समय, कहीं तेज तपती गर्मी तो कहीं बाढ़

पूरी दुनिया इस समय मौसम के तीखे तेवर से परेशान है। कहीं तेज गर्मी, उलझन पैदा करने वाली उमस का आलम है तो कहीं अनायास-बेहिसाब बारिश और बाढ़ ने कहर ढा रखा है। इधर देश की राजधानी के वे इलाके यमुना में आई बाढ़ के कारण जलमग्न दिखे, जो पिछले दशकों में कभी भी डूबे नहीं थे। उधर गुजरात के जूनागढ़ और सूरत जिले के नवसारी में बादल फटने की घटना ने अभूतपूर्व दृश्य उपस्थित कर दिए। पर्वतीय और कई मैदानी राज्यों का पहले से ही उमस, बाढ़, भूस्खलन आदि से बुरा हाल है। समस्या महज भारत की नहीं है। ठंडे माने जाने वाले कई यूरोपीय-अमेरिकी देशों में गर्मी और सूखे के रिकार्ड बन रहे हैं। विज्ञानियों ने मौसमी बदलावों की इस अतिवादी प्रक्रिया को ह्लजलवायु का पतनह्व कहना शुरू कर दिया है। पर क्यों बने ये हालात? इसका जिम्मेदार कौन है? और क्या इन तेज परिवर्तनों की रोकथाम संभव है? हाल के दशकों में जरूरत से ज्यादा और बेमौसम बारिश का रिकार्ड देखें तो साल 2005 में मुंबई में हुई भारी बारिश की याद आती है। तब बारिश के कारण हुए नुकसान के लिए मुंबई की महानगर पालिका की बदइंतजामी को भी जिम्मेदार ठहराया गया, लेकिन मुंबई से पहले और उसके बाद कई दूसरे स्थानों पर अत्यधिक बारिश से साफ हो गया कि मामला सिर्फ बदइंतजामी का नहीं है, बल्कि इसके कुछ और कारण भी हैं। जैसे वर्ष 2014 में असम के गुवाहाटी और चार अन्य जिलों में 15 घंटे की तेज बारिश में ऐसा जलभराव हुआ कि 15 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह 16-17 जून, 2013 को उत्तराखंड में अचानक हुई भारी वर्षा ने भयानक विध्वंस किया था। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में सड़कें, पुल और गांव के गांव बह गए। मृतकों का आंकड़ा भी पांच हजार से ज्यादा का बताया जाता है। वर्ष 2010 में लेह-लद्दाख में भी ऐसी बारिश हुई कि वहां के 71 गांव-कस्बे बह गए। मार्च-अप्रैल 2016 में उत्तर और मध्य भारत में हुई बेमौसम बारिश ने शहरों से लेकर गांवों तक में क्या कुछ नहीं कर डाला था। शहरों में जल जमाव और ट्रैफिक जाम तो फिर भी कुछ घंटों और दिनों तक सीमित रहा, पर गांवों में खेतों में खड़ी फसलों पर बारिश की जो मार पड़ी उससे किसानों की आत्महत्या तक की नौबत आ गई। इससे हुए नुकसान ने संबंधित सरकारों के पसीने छुड़ा दिए। यही सब कुछ इस समय भी होते हुए दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन पर दिल्ली सरकार की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि अतिवादी मौसमी बदलावों के कारण वर्ष 2050 तक दिल्ली को 2.75 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। यह रिपोर्ट आगामी वर्षों में दिल्ली में गर्म हवाओं, ऊंचे तापमान और हवा में नमी के कम होने जैसी चुनौतियों के और बढ़ने के संकेत दे रही है। यूरोप-अमेरिका में भी तबाही: मौसम की अतिवादी स्थितियों (एक्सट्रीम वेदर कंडीशंस) का जो हाल भारत, चीन, पाकिस्तान समेत कई दक्षिण एशियाई देशों में है, वैसा ही कुछ पश्चिमी देशों यानी यूरोप-अमेरिका आदि में भी है। हाल में नेचर मेडिसिन जर्नल में 35 देशों में किए गए अध्ययन के हवाले से प्रकाशित यूरोपीय स्वास्थ्य संस्थान की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2022 में मई से सितंबर के बीच पश्चिमी देशों में 61 हजार से ज्यादा लोगों की मौत भीषण गर्मी से हो गई। इनमें ग्रीस, इटली, पुर्तगाल और स्पेन में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। इसी रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 यूरोप के लिए रिकार्ड गर्मी का वर्ष रहा और यह साल यानी 2023 गर्मी का पिछला रिकार्ड ध्वस्त कर सकता है। ऐसी रिपोर्ट के सामने आने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने अपनी चेतावनी में कहा है कि पूरे यूरोप में लू (हीटवेव) एक जानलेवा प्राकृतिक आपदा में बदल गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस साल गर्मियों के दिनों में अब तक मौसम के चार रिकार्ड टूट चुके हैं। पहला, इस वर्ष जुलाई में अब तक का सबसे अधिक गर्म दिन रहा। दूसरा, वैश्विक स्तर पर जून का महीना सबसे अधिक गर्म रहा। तीसरा, समुद्र में अत्यधिक लू चली। चौथा, अंटार्कटिक में जमा बर्फ में रिकार्ड कमी आई है। ग्लोबल वार्मिंग और अल नीनो जैसे मौसमी कारक पहले के अनुमान के मुकाबले कहीं ज्यादा संहारक हो गए हैं, जिनकी रोकथाम करना दिनोंदिन और मुश्किल होता जा रहा है। इन्हीं बातों ने विज्ञानियों को चिंता में डाल दिया है। समस्या यह है कि जलवायु के सभी हिस्से रिकार्ड स्तर पर किसी न किसी आपदा से प्रभावित हैं, जिन्होंने पृथ्वी और इंसानों समेत जीव-जंतुओं के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। इंसानी दखल ने जटिल किए हालात : यह तो स्पष्ट है कि मौसम की अतिवादी स्थितियों ने पूरी धरती के सामने जैसी चुनौती पैदा कर दी है, उससे एक दिन में नहीं निपटा जा सकता है। इनसे पार पाने के लिए वैश्विक प्रयासों में एकजुटता की जरूरत है। और ऐसा तभी होगा, जब पूरी मानवता को समझ में आ जाए कि मौसम खतरनाक हुआ है तो इसमें इंसानी दखल जिम्मेदार है। वर्ष 1800 के आसपास दुनिया में उद्योगीकरण की जो शुरूआत हुई थी और जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल-डीजल आदि) के इस्तेमाल और दहन से जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी जो समस्याएं पैदा हुई थीं, यह सारा किया धरा उसी का है। समस्या का दूसरा छोर वह है जहां आर्कटिक और अंटार्कटिका में जमी बर्फ के तेजी से पिघलने को आम इंसान अपनी करनी का फल नहीं मान पाता है। दफ्तर के लिए कार या मोटरसाइकिल-स्कूटर पर निकला शख्स अगर तेज बारिश के बाद सड़क पर बाढ़ में फंस जाए तो समस्या को तात्कालिक मानकर ड्रेनेज सिस्टम और शहरी प्रबंधन इकाइयों एवं सरकारों की लापरवाही को कोसता है।

## Social Media Corner

### सच के हक में...



हम हजरत इमाम हुसैनके बलिदान को याद करते हैं। न्याय और मानवीय गरिमा के आदर्शों के प्रति उनका साहस और प्रतिबद्धता उल्लेखनीय है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



बोकारो जिले के खेतको में मुहर्रम जुलूस के दौरान दुर्घटना से 4 लोगों की मृत्यु और 10 लोगों के घायल होने का दु:खद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन की देखरेख में घायलों का इलाज चल रहा है। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**




बोकारो पेटरवार के खेतको में मुहर्रम जुलूस के दौरान हाईटेंशन तार में ताजिया सटने से चार लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। ईश्वर परिवाजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दें। इसमें प्रशासन को अपने स्तर से भी देखना चाहिए कि आखिर जिन तय रास्तों पर ताजिया ले जाने की अनुमति दी गई थी वहां यह घटना कैसे घटी? जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# मणिपुर मुद्दा : एकजुटता का संदेश देने की जरूरत

ANALYSIS



हृदयनारायण दीक्षित

मणिपुर की परिस्थिति चिंताजनक है। पूरा देश चिंतित है। यह घटनाओं की शुरूआत से ही ध्यान देने योग्य रही है। सदन में समस्या पर पहले ही दिन से गंभीर विमर्श की आवश्यकता थी लेकिन विपक्ष विशेषतया कांग्रेस ने इसकी उपेक्षा की। संसदीय परंपरा में विपक्ष का कर्तव्य महत्वपूर्ण होता है। ब्रिटिश संसदीय परिपाटी में विपक्ष को गवर्नमेंट इन वेटिंग कहा जाता है लेकिन कांग्रेस जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका के निर्वहन में असफल सिद्ध हुई है। दरअसल विपक्ष की भूमिका के निर्वहन में कांग्रेस अपने इतिहास में कभी भी प्रभावी नहीं रही। गैर जिम्मेदारी की बात 1969 से प्रारंभ होती है। तब कांग्रेस अपने ही अंतर्विरोधों से टूट गई थी। टूटे धड़े के नेता डॉ. राम सुभग सिंह 1969 से 1970 तक प्रतिपक्षी नेता रहे लेकिन विपक्ष की भूमिका शून्य रही। 1977 में कांग्रेस के नेता यशवंत राव चव्हाण विपक्षी नेता थे। तब भी कांग्रेस की प्रतिपक्षी भूमिका प्रभावी नहीं थी। जनता पार्टी की सरकार आंतरिक कलह में गिर गई।

मणिपुर हिंसा पर विपक्ष का रवैया सकारात्मक नहीं है। सरकार की तरफ से विपक्ष को कई बार सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। बीते मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को पत्र भी लिखा। शाह ने आग्रह किया कि मणिपुर की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि, हम सबका कर्तव्य है। संसद से मणिपुर को संदेश दिए जाने की जरूरत है कि सभी राजनीतिक दल मणिपुर की समस्या के समाधान के लिए एक साथ हैं।' विपक्ष ने इस अपील का भी तिरस्कार किया। शाह ने सदन में भी कहा कि नारेबाजी करने वाले सदस्यों की समस्या के समाधान में कोई रुचि नहीं है। शाह ने याद दिलाया कि जनता सबको देख रही है। लेकिन विपक्ष ने सत्ता पक्ष की किसी भी अपील की तरफ ध्यान नहीं दिया। मणिपुर की परिस्थिति चिंताजनक है। पूरा देश चिंतित है। यह घटनाओं की शुरूआत से ही ध्यान देने योग्य रही है। सदन में समस्या पर पहले ही दिन से गंभीर विमर्श की आवश्यकता थी लेकिन विपक्ष विशेषतया कांग्रेस ने इसकी उपेक्षा की। संसदीय परंपरा में विपक्ष का कर्तव्य महत्वपूर्ण होता है। ब्रिटिश संसदीय परिपाटी में विपक्ष को गवर्नमेंट इन वेटिंग कहा जाता है लेकिन कांग्रेस जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका के निर्वहन में असफल सिद्ध हुई है। दरअसल विपक्ष की भूमिका के निर्वहन में कांग्रेस अपने इतिहास में कभी भी प्रभावी नहीं रही। गैर जिम्मेदारी की बात 1969 से प्रारंभ होती है। तब कांग्रेस अपने ही अंतर्विरोधों से टूट गई थी। टूटे धड़े के नेता डॉ. राम सुभग सिंह 1969 से 1970 तक प्रतिपक्षी नेता रहे लेकिन विपक्ष की भूमिका शून्य रही। 1977 में कांग्रेस के नेता यशवंत राव चव्हाण विपक्षी नेता थे। तब भी कांग्रेस की प्रतिपक्षी भूमिका प्रभावी नहीं थी। जनता पार्टी की सरकार आंतरिक कलह में गिर गई। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को समर्थन दिया। कायदे से कांग्रेस चौधरी चरण सिंह की सरकार की समर्थक दल थी। लेकिन कांग्रेस ने विपक्ष के नेता का पद नहीं छोड़ा।




1989 में राजीव गाँधी नेता प्रतिपक्ष बने। कांग्रेस ने विपक्षी दल का दायित्व नहीं निभाया। उसने चंद्रशेखर को समर्थन दिया। समर्थक दल होने के बावजूद राजीव गाँधी ने नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं छोड़ा। लोकसभा अध्यक्ष ने भाजपा को प्रतिपक्ष माना। 1996 में जनता ने कांग्रेस को फिर से विपक्षी दायित्व सौंपा। कांग्रेस देवेगौड़ा की समर्थक बनी। फिर उसने गुजराल को समर्थन दिया। अटल सरकार के समय कारगिल घुसपैठ पर संसद में बहस हुई। कांग्रेस पाकिस्तान समर्थक मुद्रा में आई। इसी कांग्रेसी चरित्र का नतीजा है कि 2014 के जनादेश में जनता ने कांग्रेस सहित किसी भी दल को मुख्य विपक्ष के योग्य नहीं बनाया। संसद की कार्यवाही का असाधारण महत्व होता है। संविधान निमार्ताओं ने संसद को अनेक दायित्व सौंपे हैं। विधि निर्माण और संविधान संशोधन के भी अधिकार संसद के पास हैं। संसदीय प्रणाली में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही महत्वपूर्ण होते हैं। दोनों को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। लोकसभा सचिवालय द्वारा 2011 में प्रकाशित संसदीय पद्धति और प्रक्रिया पठनीय है। इसके प्रारंभ में पं. जवाहरलाल नेहरू का उद्धरण है, 'संसदीय प्रणाली में न केवल सशक्त विरोधी पक्ष की आवश्यकता होती है, न केवल प्रभावोत्पादक ढंग से विचार व्यक्त करना जरूरी होता है बल्कि सरकार और विपक्ष के बीच सहयोग का आधार भी आवश्यक होता है। किसी एक विषय पर ही सहयोग काफी नहीं। बल्कि संसद के काम को बढ़ाने का आधार परस्पर सहयोग ही है।' कांग्रेस पं. नेहरू के इस विचार को नहीं मानती। इसी पुस्तक में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का प्राक्कथन है, 'संसद में अनुशासनहीनता और अव्यवस्था से मयार्दा क्षीण होती है। नागरिकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। आवश्यक है कि संसद लोगों की नजरों में अपनी अधिकाधिक विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए व्यवस्थित ढंग से काम करे।' लेकिन आज की कांग्रेस ऐसे महत्वपूर्ण वरिष्ठ नेताओं की बात पर भी ध्यान नहीं देती। संविधान के अनुसार सत्ता पक्ष संसद के सामने जवाबदेह है। जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष का कर्तव्य है। सरकार को जवाबदेह बनाने का काम सदन की सुचारू रूप से कार्यवाही द्वारा ही संभव है। चुनाव के समय आम जनता ही किसी दल या दल समूह को सरकार चलाने का अधिकार देती है। इसी तरह जनता ही किसी दल या समूह को विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है। उसे सरकार को जवाबदेह बनाने का दायित्व सौंपती है। सरकार भी जनादेश से बनती है और विपक्ष भी। लेकिन कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। आदर्श राजनैतिक संस्कृति विकसित करने की जिम्मेदारी उसी की थी। लेकिन इसके बावजूद वह विपक्ष की मयार्दा का पालन नहीं करती। सीके जैन लोकसभा के महासचिव रहे हैं। जैन ने ह्यप्रिसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंसह्य पुस्तक के विवरण में यूरोपीय विद्वान वाल्टर लिपिमैन को उद्धृत किया है। लिखा है कि 'उच्च पदस्थ लोग संस्थाओं के प्रशासक मात्र नहीं हैं। वे अपने देश के राष्ट्रीय आदर्शों, विश्वासों और अभिलाषाओं के संरक्षक हैं। जिनके कारण देश लोगों का जोड़ नहीं एक राष्ट्र होता है।' उच्च पदस्थ महानुभावों की जिम्मेदारी ज्यादा है। कांग्रेस को परंपरा और मयार्दा का अनुपालन करना चाहिए। कांग्रेस मणिपुर के प्रश्न पर अपना दायित्व नहीं निभा पाई। उसने हठधर्मिता की। सदन की कार्यवाही पूरे सप्ताह बाधित हुई। सरकार की अपीलों पर भी ध्यान नहीं दिया गया। मणिपुर की चिंताजनक परिस्थितियों का राजनीतिकरण हुआ। कांग्रेस ने संसद जैसी पवित्र संस्था का भी इस्तेमाल अपने शक्ति प्रदर्शन के लिए ही किया है। इसी सब से आहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टिप्पणी की कि ऐसा गैरजिम्मेदार दिशाहीन विपक्ष आज तक नहीं देखा। संसद और संसदीय गरिमा में प्रधानमंत्री की आस्था सर्वविदित है। मणिपुर की घटना पर वे पहले ही दुख व्यक्त कर चुके हैं। गृह मंत्रालय मणिपुर की चुनौती के समाधान में जुटा हुआ है। लेकिन कांग्रेस अपनी राजनीति पर ही उतारू है। विपक्ष केन्द्र सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दे चुका है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अविश्वास प्रस्ताव बहस के लिए स्वीकार किया जा चुका है। अविश्वास प्रस्ताव पेश करना विपक्ष का अधिकार है। लेकिन मणिपुर की विषम परिस्थितियों के मध्य अविश्वास प्रस्ताव का औचित्य नहीं है। इस समय सत्ता पक्ष व विपक्ष सहित सभी समूहों की एकता अपेक्षित है। सभी दलों के परामर्श से अविश्वास प्रस्ताव के विचारण के लिए तिथियां तय की जाएंगी। सत्ता पक्ष के पास स्पष्ट बहुमत है। अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में ऐसा प्रस्ताव पहले भी आया है। क्या यह उम्मीद की जा सकती है कि विपक्ष अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन राष्ट्रहित में ही करेगा। देश को संदेश देने की जरूरत है कि समूचा राजनीतिक दल तंत्र मणिपुर की चुनौती के सामने एकजुट है। आमजनों को इसकी प्रतीक्षा रहेगी।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# लोकतंत्र में नेताओं की जन छवि का सवाल

भारतीय लोकतंत्र जागरूक और मजबूत है। यह सुखद और भविष्य के लिए अच्छी बात है। लेकिन हमारे राजतंत्र में राजनेताओं की स्थिति और छवि क्या बनती जा रही है, यह बड़ा सवाल है। लोकतंत्र को राजनेता नहीं जनता खुद धोखा दे रही है। जिसके हाथ में हम सत्ता सौंपने जा रहे हैं उसकी जन छवि क्या है। राजनीति में रहते हुए उसने कौन-सा विकास कार्य किया है। पांच साल के लिए जिस पर हमने भरोसा जताया वह हमारे लिए कितना खरा उतरा। समस्याओं का समाधान एवं चुनावी वायदों की गाड़ी कहां तक पहुंची, इसका खयाल हमें नहीं रहता। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया रिपोर्ट हमारे जनतंत्र का होश उड़ाने वाली है। लेकिन, वह हमारे लिए इतनी चिंता का विषय नहीं होगी। हमें सिर्फ शोर में जीने की आदत हो गई है। हम जमीन पर खड़े हैं कि नहीं यह आकलन भी हमें नहीं है। क्योंकि हम खुद अपनी चिंताओं में उलझे हैं कि देश और समाज की चिंता मुझे नहीं करनी है। क्या आपको पता है भारत की राज्य विधानसभाओं में जिन विधायकों को हमने चुनकर भेजा है उसमें 44 फीसदी का रिकॉर्ड आपराधिक बताया गया है। उन पर अपराध से सम्बंधित कोई न कोई मुकदमा दर्ज है। हम कैसे लोगों को चुनकर भेज रहे हैं? हालांकि अभी हम उन्हें अपराधी नहीं कह सकते, जब तक उनके खिलाफ अदालतों में चल रहे मुकदमों का फैसला नहीं हो जता। लेकिन ऐसे माननीयों पर क्रिमिनल केस दर्ज है, यह सच है। आपराधिक उपलब्धि के साथ-साथ इनके पास अकूत दौलत भी है। जिन विधायकों को हमने चुनकर भेजा है उनके पास औसतन 13.63 करोड़ की संपत्ति है। दो फीसदी विधायक अरबपति हैं। 4,001 माननीय में 88 अरबपति हैं। यह घोषणाएं चुनाव के दौरान माननीयों ने अपने शपथपत्र में खुद दिया है। फिर सोचें हम कैसे लोगों को चुन रहे हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) डब्ल्यू की तरफ से किए गए सर्वेक्षण में दो केंद्र शासित प्रदेश और 28 राज्य विधानसभा में 4,033 माननीय में 4,001 का विश्लेषण शामिल है। 1,136 तकरीबन 28 फीसदी विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जिसमें हत्या, अपहरण, हत्या का प्रयास और महिलाओं के साथ अपराध शामिल है। केरल जैसे छोटे राज्य में 135 विधायकों में से 95 ने आपराधिक मुकदमों की घोषणा की है। आप सोचिए ऐसे लोगों को हम सत्ता का देवता मानते हैं। चुनाव के दौरान अपनी जान गंवा देते हैं। मंच पर उनका चरण पकड़ने और भारी-भरकम माला पहनाने की होड़ लगाते हैं। इन्हें शर्म न आए तो कम से कम हमें आनी चाहिए कि हम कैसे लोगों को लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में भेज रहे हैं। यह स्थित किसी एक विधानसभा की नहीं है। देश की अधिकांश विधानसभाओं की यही हालत है। हमने राजनेता नहीं आपराधिक आरोपितों को भेजा है। फिर ऐसे लोगों से अच्छे आचरण और विकास की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। बिहार में 67 फीसदी, दिल्ली में 70, महाराष्ट्र में 62, तेलंगाना में 61 तमिलनाडु में 60 फीसदी माननीय अपने खिलाफ आपराधिक मुकदमों की घोषणा की है। बिहार में 242 विधायकों में से 161 जबकि महाराष्ट्र में 284 में से 175 के खिलाफ इस तरह के मुकदमे दर्ज है। भारत का दिल कहे जाने वाले मध्य प्रदेश की धड़कन क्या कहती है जरा देखिए। यहां 230 विधायकों में से 187 करोड़पति हैं। विधानसभा में पहुंचे 94 माननीयों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एडीआर के विश्लेषण पर गौर करें तो यह स्थिति शर्मनाक और चिंताजनक है। देश की राजधानी दिल्ली में 70 विधायकों में से तकरीबन 37 यानी 53 फीसदी पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायकों की संख्या 403 है जिनमें करीब 38 फीसदी यानी 155 विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। मंचों से ऐसे राजनेता जो महिला सुरक्षा की बात करते हैं, निजी तौर पर कितने गिरे हुए हैं इसका अंदाजा भी आप नहीं लगा सकते। महिलाओं के खिलाफ विभिन्न अपराधों को लेकर जो विश्लेषण सामने आया है वह बेहद चौंकाने वाला है। देश के 144 विधायकों ने महिलाओं से संबंधित अपराध की घोषणा की है। 14 विधायकों पर बलात्कार के आरोप में संगीन मुकदमे दर्ज हैं। संबंधित माननीय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 में मामले पंजीकृत किए गए हैं। इस तरह की घोषणा ऐसे विधायकों ने खुद अपने चुनावी हलफनामे में किया है। राजनीति में आने के पहले ऐसे लोग जो जमीन पर थे, वे राजनेता चुने जाने के बाद बेशुमार दौलत के मालिक बन गए। विधानसभाओं में आदर्शवाद का प्रवचन देने वाले ऐसे माननीयों के पास इतनी संपत्ति कहां से आ गई। इनके खिलाफ ईडी और सीबीआई की जांच क्यों नहीं लगाई जाती। बेशुमार दौलत संग्रह करने वाले सत्ता की हां में हां मिलाने के बाद जांच से क्यों बच जाते हैं। ऐसे लोगों पर आर्थिक अपराध का मुकदमा क्यों नहीं चलता। भारत की राज्य विधानसभाओं में जिनको हमने चुन कर भेजा है उनमें प्रत्येक विधायकों की औसत संपत्ति 13.63 करोड़ है। जबकि जिन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मुकदमा का शपथ पत्र दिया है, उनकी औसत संपत्ति यानी एक विधायक के पास 16.36 करोड़ की संपत्ति है। जबकि जिन विधायकों के खिलाफ कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है। ऐसे माननीय साफ-सुथरी छवि वाले हैं। उनके पास भी औसतन 11.45 करोड़ रुपए की संपत्ति है। दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक के माननीय मालामाल हैं। यहां 14 फीसदी विधायक अरबपति हैं। मतलब साफ है कि 223 विधायकों में 32 विधायक अरबपति हैं।

# जिस पर चर्चा के लिए हंगामा, वही चर्चा से बाहर

मणिपुर मसले पर विपक्ष लोकसभा के नियम 267 के तहत बहस चाहता था और सत्तापक्ष इस पर 176 के अंतर्गत ही चर्चा का हिमायती बना रहा। पिछले कुछ सत्रों से हंगामे की रणनीति पर काम कर रहा विपक्ष इस बार भी उसी हथियार के साथ लड़ रहा है। मणिपुर पर प्रधानमंत्री से बयान दिलवाने की बात नहीं बनी तो विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव का ह्यब्रह्मास्त्रह्न लेकर आया। विपक्ष की नजर में लगता है कि यह ब्रह्मास्त्र है। इस प्रस्ताव पर विपक्ष मणिपुर की चर्चा न करे, यह संभव नहीं। नियमानुसार बहस का जवाब प्रधानमंत्री को देना ही होता है। उधर, सरकार को चिंता नहीं है। सच भी यही है कि आमतौर पर अविश्वास प्रस्ताव सरकार को गिराने की मंशा के साथ लाया जाता है। ऐसे प्रस्ताव पर बहस के बाद मतदान हुआ करता है और संख्या बल के हिसाब से सरकार और विपक्ष की ताकत का पता चल जाता है। इस आंकड़े पर गौर करें कि वर्तमान लोकसभा में अकले भाजपा के पास 301 सांसद हैं। सम्पूर्ण राजग यानी सत्ताधारी गठबंधन को मिला लिया जाय तो यह संख्या 333 तक पहुंच जाती है। उधर, चट्टान की तरह सरकारी पक्ष के मुकाबले जरा विपक्ष का कमजोर व लचर-सा आंकड़ा देखिए कि उसकी पूरी ताकत सिर्फ 142 सांसदों की है। कमजोर के साथ अब शायद लचर नहीं कह सकते क्योंकि इस बीच आईएनडीआईए यानी ह्यइंडियाह्न पहले से अधिक एकजुट दिख रहा है। अलग बात है कि भाजपा ने तय किया है कि उनका कोई भी नेता विपक्ष के इस गठबंधन को इंडिया नहीं कहेगा। विपक्ष के ताजा गठबंधन के कारण जो कांग्रेस थोड़ी सम्भली हुई दिखाई दे रही है, इन 142 में उसके पास सिर्फ 50 सांसद हैं। लोकतांत्रिक देश में निर्वाचन ही सरकार चलाने का आदेश है। इसी बूते संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी संसद में प्रस्तुत विधेयकों पर चर्चा के बिना पास कराने का दम भरते हैं। वे कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और आरएसपी के एनके रामचंद्रन के विधेयकों पर बहस कराने की मांग को खारिज कर देते हैं। कुल मिलाकर पहले मणिपुर पर चर्चा की मांग और बात नहीं बनी तो अविश्वास प्रस्ताव पर सभी काम रोककर चर्चा कराने की मांग पर हंगामे की स्थिति बनी हुई है। सरकार नियमों के हिसाब से ही चल रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा था कि वे सभी दलों से चर्चा कर इस पर बहस की तिथि तय करेंगे। लोकसभा सचिवालय की ओर से प्रकाशित प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के 2014 (टी.ओ. संख्या 91) ह्यसरकारी विधेयक-विधायी प्रक्रियाह्न का संस्करण लेखक के सामने है। आखिर सदन तो उसी के हिसाब से चलेगा। इस पर कोई विवाद नहीं हो सकता, जो पहले से चला आ रहा है। नियम स्पष्ट करते हैं कि प्रस्ताव आने के 10 दिन के भीतर इस पर बहस और मतदान कराया जा सकता है। आमतौर पर दो दिन के बहस के बाद मतदान हुआ करता है। सरकार की रणनीति अपने सारे विधेयक पारित कराने के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर बहस कराने की है। विपक्ष पहले बहस करा लेने में सफल हो तो उसकी रणनीति स्पष्ट होकर दिखेगी। अध्यक्ष सभी की सहमति, फिर अपने विवेक से फैसला करेंगे। नियमों के आगे लाचार विपक्ष परंपरागत उदाहरण देने लगा है। ताजा बयान में अधीर रंजन चौधरी 26 जुलाई, 1966 को तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा के बयान का हवाला देते हैं। तब मंत्री ने कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव आने पर बाकी काम रोक देने चाहिए। यह नैतिकता का तकाजा है। बहरहाल, नैतिकता समय सापेक्ष हो गई है। चौधरी कहते हैं कि 1978 में भी ऐसा हुआ था। तब से देश की नदियों में पानी बहुत बह गया है। सरकारी कामकाज की प्राथमिकताएं भी हुआ करती हैं। अलग बात है कि मीडिया की प्राथमिकता में संसद का हंगामा है, उस मणिपुर पर मीडिया में चर्चा बहुत कम रह गई है, जिस पर सदन में चर्चा के लिए शोरशराबा है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



तमाम दावों के बावजूद भारतीय रेल में सफर करना कितना सुरक्षित है इसका उदाहरण है कोडरमा में ट्रेन में बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना। सबसे चकित करनेवाली बात यह है कि यह किसी बाहरी अपराधी तत्व ने नहीं किया बल्कि उसने किया जिसपर इस तरह की घटना की रोकथाम की जिम्मेदारी थी। एक दिन पूर्व पटना-हटिया एक्सप्रेस में आठ वर्षीया बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला रांची जीआरपी ने कोडरमा जीआरपी को स्थानांतरित कर दिया है। पोक्सो एक्ट के तहत जीरो एफआइआर दर्ज होने के बाद शनिवार को कोडरमा जीआरपी में इसे स्थानांतरित कर दिया है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। कोडरमा से रांची तक के स्टेशनों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। दरअसल शुक्रवार की सुबह पीड़ित बच्ची की मां ने रांची जीआरपी में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताया था कि वह पटना से रांची 18623 डाउन पटना-हटिया एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही थी। सफर के दौरान ट्रेन कोडरमा स्टेशन पहुंची और उनकी नींद टूटी तो एक सुरक्षाकर्मी रायफलधारी को उनकी बेटी के साथ गलत हरकत करते पाया। उक्त महिला ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से वह एसी कोच में सफर कर रही थी, लेकिन अब उसमें भी यात्री सुरक्षित नहीं हैं। महिला के अनुसार विरोध करने पर सुरक्षाकर्मी उन्हें भी धमकी भी दी। इस दौरान उन्होंने ट्रेन में सवार टीटीई से भी मदद मांगी, लेकिन कोई मदद नहीं मिलने पर उन्होंने रेलवे सुरक्षा के एप पर शिकायत करने की कोशिश की। डर के साए में रांची तक सफर पूरा करने के बाद उन्होंने पूरी घटना की शिकायत डीआरएम से की। तब जाकर रांची जीआरपी में जीरो एफआइआर दर्ज किया गया।

**जमील अख्तर, जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस महानगर रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## क्षेत्रीय एथलेटिक मीट हुआ शुरू, स्कूली बच्चों के बीच होगी प्रतियोगिता



**ROURKELA :** सीआईएससीई स्कूलों के क्षेत्रीय एथलेटिक मीट का उद्घाटन शनिवार को बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम राउरकेला में हुआ। राउरकेला के एसपी मित्रभानु महापात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ध्वजारोहण कर एथलेटिक मीट का उद्घाटन किया। बैठक में ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न स्कूली छात्र भाग ले रहे है। इसमे कार्मेल स्कूल जलदा, सेंट पॉल और सेंट जोसेफ स्कूल हमीरपुर के विद्यार्थी भाग ले रहे है।

## राउरकेला में मना मुहर्रम, निकली ताजिया जुलूस



**ROURKELA :** शहर में मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्योहार मुहर्रम को लेकर शनिवार को ताजिया जुलूस निकाला गया। विभिन्न समितियों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। शांति के साथ मुहर्रम त्योहार को लेकर जिला प्रशासन की ओर से भी सारी व्यवस्थाएं की हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। डेली मार्केट, मालगोदाम, नाला रोड, ओल्ड स्टेशन रोड, ओल्ड टैक्सी स्टैंड और शहर के अन्य इलाकों में पुलिस तैनात की गई है। जुलूस दोपहर 3 बजे से मेन रोड से शुरू होकर शाम 7 बजे तक ताजिया निकली।

## अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा




**ROURKELA :** राउरकेला अतिरिक्त जिला दौरा न्यायाधीश (द्वितीय )ने अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही महिला के परिजनों से पैसे मांगने के आरोप में 2 साल की सश्रम कारावास और 5,000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जानकारी के मुताबिक, 2017 में राउरकेला बिसरा थाना क्षेत्र से एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी को नशीला पदार्थ खिलाकर अपहरण कर लिया गया था। अपहरण को अंगुल जिले के ठाकुरगढ़ के मित्रघनु पात्रा नामक व्यक्ति ने अंजाम दिया था। अपहरण के बाद महिला और उसकी बेटी को भुवनेश्वर के चंडी बस्ती ले जाया गया। वहां मित्रघनु ने महिला को धमकाकर बार-बार उसके साथ दुष्कर्म किया करते थे। बाद में महिला के परिवार ने महिला को छोड़ने के लिए परिवार से पैसे मांगने लगे। इस संबंध में परिजनों द्वारा बिसरा थाने को सूचना देने के बाद पुलिस ने मित्रघनु को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। परिवार ने आरोपी को पैसे देने के लिए राउरकेला बुलाया था। राउरकेला पहुंचने के बाद पुलिस ने आरोपी मित्रघनु को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद पीड़ित महिला और उसकी बेटी को पुलिस ने अंगुल से छुड़ाया गया। एडीजे कोर्ट (द्वितीय) ने मामले की सुनवाई के बाद अभियुक्त को शशाराम कराडांड का सजा सुनाई। सरकार की ओर से मामले के सरकारी वकील कैलाश प्रधान देख रहे थे। बिसरा थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रभात कुमार विशाल इस मामले के जांच अधिकारी थे।

# सांसद GEETA KODA ने तितलीघाट-बहदा सड़क का किया शिलान्यास, कहा- भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सारंडा का सबसे विवादित एवं चर्चित तितलीघाट चौक से बहदा तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़क व ओंबाबाई नाला पर बनने वाली पुलिया का निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद गीता कोड़ा एवं विधायक सोना राम सिंकु ने शनिवार को संयुक्त रुप से किया। इस सड़क का शिलान्यास होते ही सारंडा के बहदा, तितलीघाट, कुमडीह, कोलायबुरु, कुदलीबाद आदि गांवों के ग्रामीणों में खुशी एवं जश्न का माहौल देखा गया। सबसे ज्यादा खुशी बहदा एवं तितलीघाट के ग्रामीणों में देखी गई। इस सड़क एवं पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 5.23 करोड़ की लागत से होगा। इस अवसर पर सांसद गीता



सड़क शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद, विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

कोड़ा ने कहा कि आजादी के पहले से लेकर आज तक बहदा समेत अन्य गांवों के लोग बारिश के मौसम में अपने-अपने गांवों में टापू की तरह जीवन बिताने को मजबूर रहते थे। नदी-नाला में पानी भरने के कारण इन गांवों का सम्पर्क अन्य शहरों एवं तमाम सुविधा वाले स्थानों से कट जाता था। ग्रामीण सरकारी राशन लेने दूसरे गांव, बीमार मरीजों का इलाज कराना अस्पताल, अन्य कार्यों से प्रखंड, पंचायत व जिला मुख्यालय नहीं जा पाते थे।

### ग्रामीणों की परेशानी होगी खत्म : सांसद

उन्होंने कहा कि गांव स्थित स्कूल में शिक्षक पढ़ाने नहीं जा पाते थे। इससे बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा था। हालांकि विलंब से ही सही लेकिन अब यहां सड़क का निर्माण होगा। गांव में तमाम प्रकार की विकास योजनाएं इस सड़क के रास्ते पहुंचने लगेगी। इस सड़क के अलावे सारंडा के उसरुईया पुल, राजाबेड़ा पुल एवं सड़क आदि का भी निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ है। सरकार से बातचीत, संघर्ष के बाद काफी प्रयास से सारे विकास योजनाओं की स्वीकृति दिलाकर पूरे क्षेत्रों में विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जा रहा है। यह सड़क गुणवत्ता पूर्ण व टिकाऊ बने, मजदूरों को उचित मजदूरी मिले, अन्यथा विरोध होगा। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

मौके पर विधायक सोनाराम सिंकू ने कहा कि सड़क लंबे संघर्ष के बाद सांसद के प्रयास से बन रहा है। गांव के मजदूरों को ही काम पर ठेकेदार रखे ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। यह सड़क समय पर पूर्ण हो ताकि ग्रामीणों को तमाम समस्याओं से मुक्ति मिल सके। सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम, बहदा के मुंडा रोया सिद्धू एवं तितलीघाट के मुंडा मनचुड़िया सिद्धू ने इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ होने पर सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं विधायक सोनाराम सिंकु के प्रति तमाम ग्रामीणों की तरफ से आभार व्यक्त किया। कहा कि सड़क बन जाने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी।

# नो एंट्री के दौरान धड़ल्ले से शहर में प्रवेश कर रहे भारी वाहन, प्रशासन मौन

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाने और भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा नो एंट्री लागू की गई है। जिसपर नो एंट्री के दौरान कोई भी भारी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाना है। लेकिन आदेश के बाद पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन न कराकर भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जिसपर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस विभाग। वहीं नो इंट्री में वाहनों के आवागमन के चलते लोगों को भय का सामना करना पड़ रहा है। नो इंट्री में दौड़ते वाहन वाहन ट्रैफिक नियमों खिल्ली उड़ाते नजर आ रहे है। जबकि सब कुछ देखकर भी ट्रैफिक पुलिस मौन बनी हुई है। पुलिस की कार्यशैली देखकर लगता है कि लोगों को इससे मुक्ति मिलने वाली नहीं है। पुलिस की सह पर प्रतिदिन नियमों को ताक पर रख कर हर एकाध घंटे में भारी वाहनों का दिनभर आवागमन होता रहता है। वैसे तो शहर में यातायात की समस्या वर्षों से ढीली-ढाली बनी हुई है। आलाधिकारियों द्वारा इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई किए जाने से कुछ दिन स्थिति बदल तो जाती है लेकिन, फिर से यह समस्या मुंह बाये खड़ी हो जाती है। जिसका खामियाजा यहां से गुजरने वालों को भुगतना पड़ रहा है।

**यहां होती है अधिक समस्या :** शहर में सटे खासकर टाटा बाईपास रोड पर तांबो चौक, टाटा कॉलेज, समाहरणालय सहित अन्य मुख्य चौक चौराहों व मार्गों पर दिन भर भयावह रहती है। चूंकि इसी रास्ते से होकर नोवामुंडी बड़ा जामदा की ओर भारी वाहनों का आवागमन होता है। इसका मुख्य कारण है कि बदहाल व्यवस्था के बीच नो एंट्री में ट्रक व भारी वाहन धड़ल्ले से चलते हैं। नो एंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश पर पुलिस कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**हर एकाध घंटे में एक-एक कर होती है भारी वाहनों का आवागमन:** टाटा बायपास चौक पर दिनभर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती हैं। बावजूद बायपास रोड से हर एकाध घंटे में भारी वाहनों का आवागमन होता है। सूत्रों के मुताबिक बायपास चौक पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों की सांठ गांठ से हर एकाध घंटे में भारी वाहनों को छोड़ा जाता है। नो एंट्री होने के बाद भी धड़ल्ले से गुजरने वाले भारी वाहनों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानों पुलिसकर्मी अपने स्वार्थ के लिए यातायात व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नो एंटी के बाद भी यह वाहन कई पुलिस अधिकारियों और थानों के सामने से बेखौफ होकर गुजरते रहते हैं और इसके बाद भी चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। वहीं कई ट्रक चालकों द्वारा पुलिस पर रुपए देकर एंट्री देने के बातें सामने आती रहतीं है। भारी वाहनों से आवागन देख रूपए लेन देन की बातों से इंकार नहीं किया सकता। हालांकि सड़क निर्माण कार्य में लगे कुछ हाइवा के आवागमन को लेकर छूट दिया गया है। इसके अलावा अन्य भारी वाहनों का आवागमन होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**तेज रफ्तार से रहता है दुर्घटनाओं का डर:** नो एंट्री लागू होने के बाद भी खासकर बायपास रोड में झींकपानी की ओर ट्रक और भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है। इस वाहनों के चालकों को इसकी जानकारी होने के बाद भी नो एंट्री में घुस आते हैं और किसी कार्रवाई से बचने के लिए जल्द ही निकलने की कोशिश करते हैं और वाहन को तेज रफ्तार में दौड़ाते हैं। जिससे इस सड़कों गुजरने वाले लोगों को इन तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का डर सताता रहता है। दरअसल तांबो चौक, टाटा कॉलेज, कोल्हान विवि, संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल टाटा कॉलेज कॉलोनी मध्य विद्यालय जैसे कई घनी आबादी वाली जगह है। इन जगहों पर स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की हमेशा भीड़-भाड़ रहती है। इन जगहों पर हमेशा डर बना रहता है।

एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि सड़क निर्माण में लगे कुछ हाइवा को एसडीओ के द्वारा छूट दिया गया है। इसके अलावा अन्य भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है तो यह गलत है। इसकी जांच कराई जाएगी।

# राउरकेला स्टील प्लांट में हाइड्रोलिक कैंटिलीवर क्रेन व ट्रॉली की नई सुविधा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट में आरसी (एम) विभाग में आयोजित समारोह में मुख्य महा प्रबंधक (मेकेनिकल) आरएन. राजेंद्रन ने हाइड्रोलिक कैंटिलीवर क्रेन और एक हाइड्रोलिक लिफ्टर सह ट्रॉली का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी (आरसीएम) जयदीप सेठी, महाप्रबंधक (आरसीएम) एससी पटेल, महाप्रबंधक (सीईएस) पीके. नंद, महाप्रबंधक (एसईडी) अवकाश बेहरा, सुरक्षा इंजीनियरिंग, डिजाइन विभाग के प्रतिनिधि, विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस दौरान राजेंद्रन ने आरसीएम टीम को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनसे संयंत्र के व्यापक लाभ के लिए उद्यमशील प्रयासों को जारी रखने का आग्रह किया।

इससे पहले मोबाइल क्रेन को ग्राहक विभागों को प्रदान करने और सेवा के लिए हाइड्रोलिक




उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित प्लांट के कर्मचारी। ● फोटोन न्यूज

जैक-सिलेंडर, पावर पैक को संभालने के लिए लगाया गया था, जिसमें श्रम शक्ति और समय भी अधिक लगता था। इन भारी लेकिन उच्च मूल्य वाली वस्तुओं की मैन्युअल लोडिंग-अनलोडिंग काफी असुरक्षित थी। प्रभावशीलता कम थी और प्रतीक्षा समय एवं बहुस्तरीय समन्वय में योगदान देने वाली शुरूआत से ही लिफ्टिंग के लिए कोई मौजूदा प्रणाली नहीं थी।

इन कमियों को दूर करने के लिए आरसीएम टीम ने ₹लचीली गति के साथ हाइड्रोलिक कैंटिलीवर क्रेन₹ प्रदान करने का निर्णय लिया। तदनुसार, 1 टन तक सामग्री को संभालने की क्षमता वाले इन-हाउस संसाधनों का उपयोग करके उपकरण का निर्माण कर स्थापित किया गया। इससे न केवल कंपनी को पर्याप्त बचत हुई है, बल्कि हाइड्रा की आवश्यकता भी पूरी तरह समाप्त हो गई है और गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उपकरण की अतिरिक्त खपत भी कम हो गई है।

# कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह रोकने की ली शपथ

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खूंटपानी में विद्यालय के वार्डन कैक्टस लिली सिंकु की अध्यक्षता में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सौजन्य से चल रहे एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत कलामंदिर संस्था द्वारा बाल विवाह के रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पांड्रासाली ओपी प्रभारी सत्यम कुमार ने बच्चों को बाल विवाह होने के पश्चात होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक अपराध है। इस अपराध में शामिल होने वाले सभी अपराधी होते हैं। बाल विवाह का रोकथाम करने के लिए जन जागरूकता कर बाल



बाल विवाह रोकने की शपथ लेतीं विद्यालय की छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

विवाह को समाप्त किया जा सकता है। सभी समाज के लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है।

इसके उपरांत पंचायत के मुखिया दोनो बानसिंह ने कहा कि हमें समय-समय पर अपने पंचायत स्तर में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने में मेरा सहयोग हमेशा मिलता रहेगा। अंत में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ लिया।

मौके पर कलामंदिर संस्था से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जूली रावत समेत विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं कलामंदिर संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

# MDO के विरोध में संयुक्त यूनियनों ने गुवा सेल जेनरल ऑफिस के समक्ष किया प्रदर्शन

### निजीकरण का किया विरोध, सेल का चक्का जाम करने की चेतावनी

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** गुवा सेल खदान में एमडीओ के विरुद्ध शुक्रवार शाम संयुक्त यूनियनों ने गुवा सेल के जेनरल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आधा घंटा चलने के बाद सेल प्रबंधन ने वार्ता के लिए संयुक्त यूनियनों के साथ बैठक की।

इस दौरान संयुक्त यूनियनों ने कहा कि कहा कि सेल प्रबंधन गुवा सेल खदान को एमडीओ का नाम देकर एक निजी कंपनी ठेकेदार को देना चाह रही है। परंतु यहां के सभी संयुक्त यूनियन, सेलकर्मी इसका पुरजोर विरोध करती है। गुवा सेल खदान में निजीकरण कभी भी नहीं होने दिया जाएगा। चाहे इसके लिए क्यों ना हमें आंदोलन करना पड़े



गुवा सेल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन करते यूनियन के लोग। ● फोटोन न्यूज

या सेल का चक्का जाम करना पड़े।

सेल में निजीकरण होने से सेल में होने वाली बहाली पूरी तरह से बंद हो जाएगी। यहां के स्थानीय को रोजगार नहीं मिलेगा। सेल प्रबंधन द्वारा ऐसा करने का हम विरोध करते हैं और किसी भी हालत में एमडीओ को गुवा नहीं आने दिया जाएगा। एमडीओ का मतलब होता है माइनिंग डेवेलपर्स ऑपरेशन। परंतु यहां के मजदूर गुवा सेल खदान में 2 मिलियन से बढ़ाकर 4.25 मिलियन तक कर दिया है। मजदूरों में अभी भी ताकत है कि इसे 10 मिलियन टन तक कर सकता है। जब मजदूरों में इतनी क्षमता है तो बाहर से बुलाकर प्राइवेट को देने की क्या जरूरत।

इस पर सेल प्रबंधन ने कहा कि सीजीएम के नहीं रहने के कारण आगामी 31 जुलाई को सीजीएम के साथ बैठक कर वार्ता की जाएगी। इस पर संयुक्त यूनियन ने कहा कि अगर सेल प्रबंधन एमडीओ के विरुद्ध सकारात्मक वार्ता निकलकर नहीं आती है तो 1 अगस्त से सेल का चक्का जाम कर दिया जाएगा। इस आंदोलन में संयुक्त यूनियनों के पदाधिकारियों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के रामा पांडे, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के दुचा टोप्पो, सीटू के मनोज मुखर्जी, सारंडा मजदूर यूनियन के कुल बहादुर, सप्लाई मजदूर संघ के राजेश कोड़ा, झारखंड मजदूर संघ के पंचम जॉर्ज सोय सहित काफी संख्या में सेल कर्मी मौजूद थे।

### RAILWAY STATION स्थित बाबा दिगंबर नाथ मंदिर में सातवां वार्षिक महोत्सव आयोजित

# शिव तांडव झांकी की प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** रेलवे स्टेशन स्थित बाबा दिगंबर नाथ मंदिर का सातवां वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद गीता कोड़ा शामिल हुई। सांसद गीता कोड़ा ने बाबा दिगंबर नाथ मंदिर में भगवान शिव तथा बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर माथा टेका व समस्त राज्यवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रखने की कामना की। इसके बाद सांसद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व संयोजक मंडली के सदस्यों ने सांसद गीता कोड़ा का जोरदार स्वागत किया।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं सांसद गीता कोड़ा। ● फोटोन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि श्रावण मास सभी के लिए खास करके किसानों और गृहस्थ के लिए काफी महत्वपूर्ण है। श्रावण मास में प्रभु आशुतोष भगवान शिव शंकर को भक्तगण विशेष रूप से पूजा अर्चना करते है। कण-कण में है भगवान शंकर। बाबा मुर्गा महादेव एवं महादेव शाल आदि प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। जहां भगवान भोलेनाथ का भक्त दर्शन पाते है। उपस्थित भक्तों को सांसद गीता कोड़ा ने श्रावण मास की शुभकामनाएं दी एवं जमशेदपुर से आए भजन मंडली कुमार बाबला एंड ग्रुप तथा संयोजक मंडली को इस तरह का कार्यक्रम कराने के लिए उत्साहित किया।

सांसद गीता कोड़ा ने आगे कहा कि बाबा दिगंबर नाथ की असीम अनुकंपा से संयोजक मंडली भक्ति एवं भजन के माध्यम से भक्तों को सही मार्ग पर चलने की दिशा दिखाने का कार्य कर रहे है। कुमार बाबला एंड ग्रुप ने भगवान आशुतोष के अनेकों भजन तथा शिव तांडव झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान भोले के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भजन संध्या पंडाल हर-हर महादेव, जय भोले के जयकारों से गूंजा।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा, संतोष सिन्हा, गुरुचरण सोनकर, मुकेश दास संयोजक मंडली के जितेन्द्र भगत, गिरीश चन्द्र मिश्रा, शंभू सिन्हा, रौशन कुमार, अभिषेक मिश्रा, तरुण गोस्वामी, रौनक सिन्हा, मनोज भगत, विमल सिन्हा, विनय भगत , अमित झा, रवि भगत, अरुण पाल, मोनू ठाकुर, कंचन पाल, राहुल सोनकर, सरजित सिंह, मनीष भगत, यश जोशी, पंकज भगत आदि मौजूद थे ।

# शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में डॉ. सत्यजीत को मिला कांस्य पदक




शूटिंग चैंपियनशिप के विजेता डॉ. सत्यजीत। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के इस्पात जनरल अस्पताल के स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. सत्यजीत साहू ने 25 मीटर 22 पिस्टल एनआर (पुरुष) इवेंट 12वीं ओडिशा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता है। विजेता बनकर उन्होंने कंपनी के साथ-साथ शहर को भी गौरान्वित किया है। इवेंट 20 से 23 जुलाई तक कलिंग स्टेडियम में आयोजित किया गया था।

डॉ. सत्यजीत साहू केआईएमएस. अस्पताल, भुवनेश्वर में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य करते हुए 2018 में कलिंग स्टेडियम, भुवनेश्वर से अपना अभ्यास शुरू किया था। डॉ. साहू लगातार तीन वर्षों तक लगातार स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप के खिताब विजेता रहे हैं। उन्हें आगामी ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए भी चुना गया है। यह दूसरी बार है जब वे पूर्वी जोनल स्तर पर खेलेंगे।



# आइना में काम करते हुए फ्रेशर जैसा महसूस कर रही हूं: ऋचा चड्ढा

गैंग्स ऑफ वासेपुर, इनसाइड एज, मसान, सेक्शन 375 और फुकरे फ्रेंचाइजी के लिए मशहूर एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा इस साल आइना के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और इसमें वह क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया फेम विलियम मोसले के साथ मुख्य किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। फिलहाल, फिल्म की शूटिंग यूके में चल रही है और लंदन शेड्यूल के बाद इसे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर शूट किया जाएगा। फिल्म के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, मैंने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स के लिए कुछ स्क्रिप्ट पढ़ी थीं लेकिन कुछ भी अच्छी नहीं लग रही थी। जब आइना मेरे पास आई, तो मुझे पता था कि यह वही है और अब, जैसा कि आखिरकार हो रहा है, मैं बेहद रोमांचित हूं। फिल्म की कहानी बेहद दिलचस्प है। मैंने अपने अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के लिए एक मजबूत स्क्रिप्ट तैयार की है और आइना उसके लिए बिल्कुल उपयुक्त थी। उन्होंने आगे बताया, फिल्म की पूरी शूटिंग यूके में हुई है और उनकी कार्य संस्कृति हमारी तुलना में बहुत अलग है। इसलिए, भारतीय फिल्म उद्योग में कई वर्षों के अनुभव के साथ भी, मुझे एक फ्रेशर जैसा महसूस हो रहा है। एक्ट्रेस ने फुकरे 3 की शूटिंग पूरी कर ली है, जहां वह भोली पंजाबन की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के पहले प्रोजेक्ट गर्ल्स विल बी गर्ल्स से संबंधित तैयारियां भी पूरी कर ली है।





# ओएमजी 2 को मिला ए सर्टिफिकेट




बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 टीजर रिलीज के बाद से ही विवादों में उलझी हुई है। टीजर रिलीज के बाद फिल्म के एक सीन को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद सेंसर बोर्ड ओएमजी 2 की रिलीज पर रोक लगा दी थी। सेंसर बोर्ड ने फिल्म को वापस रिव्यू कमेटी के पास भेज दिया था। वहीं अब खबरें आ रही है कि बोर्ड की रिवाइजिंग कमेटी ने फिल्म देख ली है। इस स्क्रीनिंग में सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी खुद भी मौजूद रहे। ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार कमेटी ने ओएमजी 2 के मेकर्स को फिल्म में 20 कट्स का सुझाव दिया है। फिल्म को सर्टिफिकेट देने की पेशकश की गई है। बताया जा रहा है कि अभी इस मामले में प्रोड्यूसर्स को कारण बताओ नोटिस भी भेजा जाएगा। फिल्म की रिलीज को महज 16 दिन बचे हैं पर अभी तक इसे बोर्ड का क्लियरेंस नहीं मिला है। अगर फिल्म को समय पर सर्टिफिकेट मिल जाता है तो अक्षय कुमार की फिल्म का सनी देओल की गदर 2 से क्लैश होगा। ओएमजी 2 और गदर 2 दोनों ही फिल्में 22 अगस्त को रिलीज होनी है। ओएमजी 2 में अक्षय कुमार के साथ यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय भगवान शिव के रूप में नजर आएंगी। वहीं फिल्म में अरुण गोविल भगवान राम के किरदार में नजर आने वाले हैं।

# अल्लू अर्जुन की दीवानी हैं एमएस धोनी की पत्नी साक्षी!

क्रिकेटर एमएस धोनी और पत्नी साक्षी धोनी ने अपने बैनर धोनी एंटरटेनमेंट के साथ फिल्म निर्माण में प्रवेश किया है। उनकी पहली प्रोडक्शन तमिल फिल्म लेट्स गेट मैरिड होगी। अल्लू अर्जुन केवल नाम ही काफी है! पुष्पा से घर-घर में मशहूर हुए अल्लू अर्जुन की लोकप्रियता केवल आम इंसानों में ही नहीं है बल्कि कई बड़े सेलेब्रिटी भी अल्लू अर्जुन के फैन है। उनकी साउथ की फिल्मों की टिकट कई बार ब्लैक में भी नहीं मिलता। क्रिकेटर एमएस धोनी और पत्नी साक्षी धोनी ने भी हाल ही में खुलासा किया कि वह अल्लू अर्जुन की बहुत बड़ी फैन है। वह उनकी सारी हिंदी डब फिल्में देखती हैं। क्रिकेटर एमएस धोनी और पत्नी साक्षी धोनी ने अपने बैनर धोनी एंटरटेनमेंट के साथ फिल्म निर्माण में प्रवेश किया है। उनकी पहली प्रोडक्शन तमिल फिल्म लेट्स गेट मैरिड होगी। हैदराबाद में एक प्रमोशनल कार्यक्रम में बोलते हुए साक्षी धोनी ने खुलासा किया कि वह तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं और उन्होंने उनकी सभी फिल्में देखी हैं जो हिंदी में डब की गई थीं। साक्षी ने बताया कि जब नेटफ्लिक्स और अमेज़ॅन प्राइम जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नहीं थे, तो वह यूट्यूब पर अल्लू अर्जुन की फिल्में देखती थीं। एक रिपोर्टर द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या वह तेलुगु फिल्में देखती हैं, साक्षी ने कहा, आप जानते हैं कि मैंने अल्लू अर्जुन की सभी फिल्में देखी हैं।

# तमन्ना भाटिया के गाने कवाला का हिंदी वर्जन तू आ दिलबरा इस दिन होगा रिलीज



इंडियन शकीरा का खिताब हासिल करने के बाद एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया वर्तमान में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर के फुट-टैपिंग नंबर कवाला की सफलता का आनंद ले रही हैं। चार्टबस्टर तमिल गाने से दिलों को खुश करने के बाद फिल्म के निर्माताओं ने अब उसी के हिंदी वर्जन की घोषणा की है, जिसका नाम तू आ दिलबरा है। एक रोमांचक घटनाक्रम में यूएफओ मूवीज़ ने उत्तर भारत के लिए जेलर के हिंदी डिस्ट्रिब्यूटिंग राइट्स हासिल करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद सन पिक्चर्स ने अनिरुद्ध द्वारा रचित कवाला के हिंदी वर्जन के लॉन्च की घोषणा की। तू आ दिलबरा के हिंदी लिरिक्स रकीब आलम ने लिखे हैं, जबकि इसे सिंधुजा श्रीनिवासन ने गाया है। कवाला अपने लॉन्च के कुछ ही समय में इंस्टाग्राम रील्स पर एक ट्रेंडिंग गाना बनकर उभरा। इस पेप्पी ट्रैक ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और हजारों यूज़र्स ने तमन्ना के आकर्षक हुकस्टेप का प्रदर्शन करते हुए अपने वीडियो साझा किए। कावला का लिरिकल वीडियो भी यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक बार देखा गया। अब प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि तू आ दिलबरा में उनके लिए क्या है। इस बीच जेलर के अलावा एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के पास विभिन्न भाषाओं में प्रोजेक्ट्स की एक दिलचस्प लाइन है। उनके पास मलयालम में बांद्रा, तेलुगु में भोला शंकर और तमिल में अरनमनई 4 है। इसके अलावा तमन्ना निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित वेदा में जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी।



# बड़े पर्दे पर कमबैक कर रही कल्कि कोचलिन

एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन चार साल बाद गोल्डफिश के साथ सिनेमाघरों में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि यह हास्य और दिल को छू लेने वाली भावनाओं से भरपूर एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म है। लंदन में शूट हुई गोल्डफिश मेमोरी, म्यूजिक, मेंटल हेल्थ और आइडेंटिटी से संबंधित है। पुशन कृपलानी द्वारा निर्देशित फिल्म भारतीय-ब्रिटिश-अमेरिकी प्रोडक्शन पावरहाउस दीप्ति नवल, कल्कि कोचलिन और रजित कपूर को एक साथ लाती है, जिसमें यूके के कुछ कलाकार भारती पटेल, गॉर्डन वार्नेके, रविन गनात्रा और शनाया रफत शामिल हैं। कल्कि को आखिरी बार 2019 की हिंदी फिल्म गली बॉय में देखा गया था, जिसमें रणवीर सिंह और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिका में थे। उन्होंने 2020 के तमिल एंथोलॉजी ड्रामा पावा कढ़ाइगल में लव पन्ना उत्त्रानम सेगमेंट में पेनेलोप के रूप में भी अभिनय किया। 30 सितंबर, 2019 को कल्कि ने अपने बॉयफ्रेंड, इजरायली म्यूजिशियन गाइ हर्शबर्ग के साथ अपनी प्रेग्नेंसी की पुष्टि की। उनकी बेटी का जन्म 7 फरवरी, 2020 को वॉटर बर्थ के जरिए हुआ था। गोल्डफिश में काम करने के अपने अनुभव और चार साल बाद सिनेमाघरों में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए कल्कि ने कहा, मातृत्व और कोविड के चलते एक्टिंग से लंबे अंतराल के बाद इतनी खूबसूरत फिल्म गोल्डफिश के साथ पर्दे पर वापस आना रोमांचक है। एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म कोविड लॉकडाउन के दौरान मां-बेटी के रिश्ते में आने वाली चुनौतियों के बारे में है, जिसे क्रमशः दीप्ति नवल और मैंने निभाया है। यह हास्य और दिल को छू लेने वाली भावनाओं से भरपूर एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म है जो हम सभी तक पहुंचेगी जिन्होंने अपने माता-पिता, अपने बच्चों या अपनी पहचान के साथ संघर्ष किया है।



# 1000 लड़कियों के साथ किंग खान करेंगे डांस

सुपरस्टार शाहरुख खान स्टारर फिल्म जवान के पहले सॉन्ग जिंदा बंदा के रिलीज होने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सॉन्ग की लॉन्चिंग करीब है। इस गाने को लेकर इंटरनेट पर अटकलें भी शुरू हो गई हैं कि ये कितना ग्रैंड होगा। गाने में शाहरुख हजारों लड़कियों के साथ डांस करते हुए दिखाई देंगे। इसे गाने को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है और कोरियोग्राफ शोबी ने किया है। अनिरुद्ध रविचंदर ने 2012 में तमिल फिल्म 3 से अपने म्यूजिक की शुरुआत की और सुपरहिट गाना व्हाई दिस कोलावेरी डी बनाया। अपने एक दशक लंबे करियर के दौरान, उन्होंने हिंदी और तेलुगु के अलावा, अलग-अलग भाषाओं, मुख्य रूप से तमिल में, 90 से ज्यादा फिल्मों के लिए ऑरिजनल स्कोर और गानों को कंपोज्ड और प्रोड्यूस किया है। उन्हें हाल के समय की कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्मों में उनके म्यूजिक कंट्रीब्यूशन के लिए जाना जाता है, जैसे वाथी कमिंग, अरेबिक कुथु, विक्रम का रिकॉर्ड-ब्रेकिंग एल्बम और रजनीकांत स्टारर अपकमिंग फिल्म जेलर का हालिया गाना कावाला। सूत्रों के अनुसार, यह ट्रैक एक विशाल उत्सव की तरह होने का वादा करता है, जिसे चेन्नई में बड़े पैमाने पर पांच दिनों में शूट किया गया है, जिसमें चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलोर, मदुरै, मुंबई और अन्य भारतीय शहरों के 1000 से अधिक नर्तक शामिल होंगे। सूत्र ने कहा, 15 करोड़ रुपये से ज्यादा के बजट से तैयार गाने जिंदा बंदा में शाहरुख खान को हजारों लड़कियों के साथ डांस करते हुए देखा जाएगा। अनिरुद्ध द्वारा कंपोज और शोबी द्वारा कोरियोग्राफ किए गए डांस मूव्स के साथ, यह ट्रैक पूरे देश को झूमने के लिए मजबूर कर देगा।

# अपना साउथ डेब्यू कर रहे हैं अंगद



लस्ट स्टोरीज़ 2 के लिए इतना प्यार पाने के बाद, अंगद बेदी हाय नन्ना जैसे मेगा प्रोजेक्ट के साथ दक्षिण भारतीय फिल्म में अपनी शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म में उनकी लस्ट स्टोरीज़ 2 की सह-कलाकार मृणाल ठाकुर और तेलुगु सुपर अभिनेता नानी हैं। पारिवारिक मनोरंजक होने की उम्मीद वाली यह फिल्म साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अंगद कहते हैं, वास्तव में इसे लेकर काफी उत्साहित हूं। इतने सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में रहने के बाद दोबारा डेब्यू करना अच्छा लग रहा है। यह सिनेमा के लिए एक अद्भुत समय है, खासकर जब किसी फिल्म के लिए प्यार और सराहना हर जगह से आ रही है, चाहे वह किसी भी भाषा में बनी हो। मुझे इतनी दिल छू लेने वाली कहानी के साथ इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। हाय नन्ना शौरयुव द्वारा निर्देशित एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जो पिता-बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। उम्मीद है कि यह फिल्म इसी साल 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म का संगीत हेशम अब्दुल वहाब द्वारा तैयार किया जा रहा है, जो पहले द ग्रेट इंडियन किचन और वायरस जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।



# कामना पाठक ने छोड़ा हप्पू की उलटन पलटन

सुपरहिट कॉमेडी शो हप्पू की उलटन पलटन काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है. इस शो का हर कलाकार अपने आप में खास है। इस शो में हप्पू सिंह की पत्नी रज्जो का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस कामना पाठक की भी खूब तारीफ हुई है। लंबे समय तक शो का हिस्सा बनने के बाद कामना पाठक ने अब शो को अलविदा कह दिया है। हाल ही में कामना पाठक का सेट से घर जाते समय एक कार एक्सीडेंट हो गया था। हालांकि कामना इस एक्सीडेंट में बाल-बाल बच गई। लेकिन इस एक्सीडेंट ने कामना की जिंदगी पूरी तरह बदल दी है। अब कामना कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताना चाहती हैं। कामना पाठक ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। कामना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि हाल ही में उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया था। हालांकि कामना इस हादसे में बाल-बाल बच गई। लेकिन उन्होंने अपने करियर से कुछ समय का ब्रेक लेने का फैसला लिया है। कामना पाठक ने अपने पोस्ट में लिखा, मैं लगातार पिछले कई वर्षों से काम कर रही हूं, मेरा काम जिसे आप मेरी अभिनय यात्रा भी कह सकते हैं। इसी यात्रा ने मेरी जिंदगी के पेड़ को सदा खुशहाल रखा और इस खाद पानी देकर बढ़ने और घना हो जाने का मौका दिया। मगर यात्रा में कभी कभी इस तरह के पड़ाव भी आ जाते हैं जहां थोडा रुक कर, ठहर कर हमें अपनी यात्रा को थामना पड़ता है।